




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 159 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 12 मार्च 2026 डाक 13 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का केरल के एर्नाकुलम जिले में पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



**देश-विदेश**
घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं: पीएम



**फीचर पेज**
यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा करने के लिए अपनाएं ये हैक्स




# ईरान के 5 हजार टारगेट ध्वस्त, 50 ईरानी जहाज भी तबाह, अमेरिका ने जारी किया वीडियो



**ईरान, 12 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिकी सेना ने ईरान पर भारी हमले तेज कर दिए हैं। सेंट्रल कमांड ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के पहले 10 दिनों में ईरान के अंदर करीब 5,000 लक्ष्यों पर हमले करने का दावा किया है। इस दौरान कम से कम 50 ईरानी जहाजों को नुकसान पहुंचाया या तबाह किया गया है। इसमें एक भूमिगत मिसाइल लॉन्चर पर हमले को दिखाया गया है। वीडियो में प्रोजेक्टाइल गिरते ही बड़ा धमाका होता है। पोस्ट में लिखा है, ईरानी शासन अपने मिसाइल लॉन्चर छिपाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन अमेरिकी सेना उन्हें ढूंढकर खत्म कर देगी। यह ऑपरेशन 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ था। इसका मकसद ईरानी शासन की सुरक्षा व्यवस्था को तोड़ना और उन ठिकानों पर हमला करना है जो तत्काल कथित खतरा पैदा कर रहे हैं। CENTCOM ने कहा कि हमले जारी रहेंगे। CENTCOM ने साफ किया कि 5,000 लक्ष्यों में ईरानी सेना के कमांड और कंट्रोल सेंटर, इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम, बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स, नौसेना के जहाज और पनडुब्बियां, एंटी-शिप मिसाइलें, सैन्य संचार व्यवस्था तथा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन बनाने वाली फैक्टरियां शामिल हैं। इन हमलों से ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को भारी झटका लगा है। CENTCOM का कहना है कि ईरानी नौसेना के 50 से ज्यादा जहाज क्षतिग्रस्त या तबाह हो चुके हैं। एक वीडियो में भूमिगत मिसाइल लॉन्चर को तबाह करने का फुटेज दिखाया गया है, जिसमें अमेरिकी सेना की सटीक हथियारों की ताकत साफ नजर आती है। ऑपरेशन में अमेरिका ने कई शक्तिशाली हथियार और प्लेटफॉर्म तैनात किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि युद्ध बहुत पूरा हो चुका है, लगभग। उन्होंने दावा किया कि ईरान की नौसेना, संचार व्यवस्था और एयर फोर्स खत्म हो चुकी है। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका अपने लक्ष्यों से बहुत आगे निकल चुका है और युद्ध जल्दी खत्म हो सकता है। हालांकि, उन्होंने एक अलग मौके पर कहा कि अमेरिका ने कई जीत हासिल की हैं लेकिन अभी काफी नहीं जीता और अंतिम जीत तक आगे बढ़ेंगे।ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष को खत्म होने की बातों को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि उनकी सेना लंबी और कड़ी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने 9 मार्च को बयान दिया कि जब तक सैन्य हमले जारी हैं, कूटनीति के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय तक चलने वाले टकराव के लिए खुद को मजबूत कर चुके हैं। ईरान का रुख साफ है कि वह आसानी से झुकने वाला नहीं है।

## भारत के लिए गुड न्यूज, ईरान ने भारतीय टैंकरों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में गैस और तेल के संकट के बीच ईरान ने भारतीय जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजने की अनुमति दे दी है। इजरायल और अमेरिका से जंग के बीच ईरान ने इस रास्ते पर रोक लगा दी थी और चेतावनी दी थी कि कोई जहाज इधर से गुजरेगा तो उसे खामियाजा भुगतना पड़ेगा। समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ईरान ने भारतीय जहाजों को सुरक्षित निकलने का भरोसा दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में एक थाई रजिस्टर्ड मालवाहक जहाज मयूरी नारी पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ था, जिससे जहाज में भीषण आग लग गई। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक ओमानी नौसेना ने बचाव अभियान चलाया, जिसमें अब तक 20 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया है।

तीन नाविक अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा बंदरगाह से निकलकर भारत के गुजरात स्थित कंडला बंदरगाह की ओर जा रहा था। हमले के बाद जहाज पर काला धुआं उठता दिखा और चालक दल को जीवन राफ्ट के जरिए जहाज छोड़ना पड़ा।

## जमीन के बदले नौकरी घोटाला में ट्रायल कोर्ट के फैसले को लालू यादव ने दी चुनौती

### दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से मांगा जवाब

**नईदिल्ली 12 मार्च [एजेंसी]।**

रेलवे में जमीन के बदले नौकरी से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) से जवाब मांगा है। मामले पर संक्षिप्त सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले पर अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। साथ ही लालू के करीबी सहयोगी भोला यादव की याचिका पर भी सुनवाई होगी। इस याचिका में कुछ आरोपितों को माफ करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है और उन्हें सरकारी गवाह बनने की इजाजत दी गई थी। सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई मामला नहीं बनता क्योंकि रेल मंत्री के तौर पर भर्ती से उनका कोई लेना-देना नहीं था।

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ आईईडी बरामद, खाने-पीने का सामान और कपड़े भी मिले



**राजौरी 12 मार्च।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूर जंगल वाले इलाके में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इतना ही नहीं एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस भी बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम को थानामंडी के चमरेर जंगल वाले इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के सर्च ऑपरेशन के दौरान इस ठिकाने का पता चला। ठिकाने से इस्तेमाल के लिए तैयार आईईडी के अलावा, कुछ खाने-पीने का सामान और कपड़े भी बरामद किए गए। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस बरामदगी के सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

### फारूक अब्दुल्ला पर हमले की निंदा

## ऐसी घटनाएं सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर : शरद पवार



**नईदिल्ली 12 मार्च [एजेंसी]।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला एक हमले में बाल-बाल बचे हैं। बुधवार रात एक व्यक्ति ने सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए फारूक अब्दुल्ला के नजदीक पहुंचकर गोली चलाई। गनीमत रही कि इस हमले में उन्हें गोली नहीं लगी। हालांकि, इस घटना पर देश के कई बड़े नेताओं ने चिंता जताई है और जांच की मांग की है। एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने फारूक अब्दुल्ला पर हुए हमले चिंता जताई। उन्होंने लिखा, वरिष्ठ नेता फारूक अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी पर शादी में हुई फायरिंग बहुत चिंता की बात है। राहत की बात है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, इस प्रकार की घटनाएं सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर और खतरनाक हो सकती हैं। यह सुनकर संतोष हुआ कि सभी बड़े लोग सुरक्षित हैं। उनकी अच्छी सेहत, लंबी उम्र और लगातार सुरक्षा के लिए दिल से शुभकामनाएं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने लिखा, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमले का समाचार सुनकर चिंतित हूं। पुलिस की मौजदूगी और कड़ी सुरक्षा के बीच हमला होना बेहद गंभीर बात है। इस मामले की पूरी जांच की जानी चाहिए और अब्दुल्ला की सुरक्षा को और अधिक कड़ा किए जाने की आवश्यकता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोस्ट किया, यह सुनकर राहत मिली कि फारूक अब्दुल्ला दुर्भाग्यपूर्ण गोलीबारी की घटना के बाद सुरक्षित हैं। इस हिंसक कृत्य की कड़ी निंदा और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। फारूक साहब के अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना करता हूं। एनसीपी-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर शादी समारोह में हुए जानलेवा हमले की खबर सुनकर चिंता हुई। भगवान का शुक्र है कि वह सुरक्षित हैं। इस गंभीर सुरक्षा चूक की पूरी तरह से जांच की जानी चाहिए और उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

## फैक्ट्री में भीषण आग, 32 लोग अस्पताल में भर्ती 250 के करीब लोग नाइट शिफ्ट में कर रहे थे काम

**नोएडा, 12 मार्च [एजेंसी]।**

नोएडा के सेक्टर-4 स्थित इलेक्ट्रॉनिक मीटर बनाने वाली एक फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों के बीच भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस हादसे में अब तक करीब 32 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया है, जबकि अन्य का इलाज जनरल वार्ड में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि आग लगने के समय फैक्ट्री में रात की शिफ्ट में करीब 200 से 250 कर्मचारी काम कर रहे थे। अचानक आग लगने के बाद पूरे परिसर में धुआं भर गया, जिससे कर्मचारियों को सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी। कई लोग धुएं के कारण सफोकेशन (घुटन) का शिकार हो गए, जिन्हें गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं भगदड़ के दौरान गिरने और टकराने से भी कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 से ज्यादा फायर टेंडर, फोम टेंडर और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म को लगाया गया। दमकल कर्मियों ने फैक्ट्री की खिड़कियों के शीशे तोड़कर अंदर फंसे कर्मचारियों को अलग-अलग जगहों से सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## एलपीजी संकट की आशंका के बीच सरकार सक्रिय सुरेश गोपी बोले- अतिरिक्त आपूर्ति के नए रास्ते खुले



**नईदिल्ली 12 मार्च [एजेंसी]।**

वैश्विक आपूर्ति बाधित होने के कारण उत्पन्न एलपीजी संकट को लेकर केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने गुरुवार को कहा कि भारत के लिए अतिरिक्त एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के नए रास्ते खुल रहे हैं और संकट को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को संसद में एलपीजी संकट से जुड़े सवालों का जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि कुछ आपूर्ति संबंधी मुद्दों का खुलासा कूटनीतिक संवेदनशीलताओं के कारण सार्वजनिक रूप से नहीं किया जा सकता, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े मामलों पर।गोपि ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न देशों से बातचीत कर यह मुद्दा उठाया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े संकट का आम लोगों के जीवन पर असर पड़ रहा है और भारत के लिए कुछ राहत या छूट देने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े साझा नहीं किए जा सकते, लेकिन भारत को अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध कराने के रास्ते बन रहे हैं।

मंत्री के अनुसार मौजूदा स्थिति में गैस की आपूर्ति में प्राथमिकता आपात सेवाओं को दी जा रही है। अस्पतालों और श्मशान घाट जैसी आवश्यक सेवाओं को पहले गैस उपलब्ध कराई जा रही है ताकि जरूरी कामकाज प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के आकलन के अनुसार स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले कई तकनीकी और आपूर्ति से जुड़े पहलुओं पर भारत का सीधा नियंत्रण नहीं है। गोपि ने यह भी कहा कि एलपीजी संकट का असर केवल भारत में ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों में भी रोजमर्रा के जीवन पर पड़ रहा है। गैस की कीमतों के सवाल पर मंत्री ने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक नियामक व्यवस्था मौजूद है और उसी के अनुसार कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत तय करने का अधिकार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को दिया गया है।उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन इस मुद्दे पर भारत किसी देश के साथ युद्ध नहीं कर सकता।

## रायपुर आ रहे यात्री बाल-बाल बचे, बस में लगी भीषण आग



**जशपुर, 12 मार्च [एजेंसी]।**

रांची से रायपुर के लिए जशपुर होते हुए चलने वाली शिवनाथ बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब बस रांची के Khadgarha Bus Stand से रवाना होने के बाद Namkum क्षेत्र में रिंग रोड पर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि बस में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरी बस धू-धू कर जलने लगी। बस में आग लगने की भनक लगते ही चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत यात्रियों को इसकी सूचना दी और बस को सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद सभी यात्रियों को जल्द से जल्द बस से नीचे उतार दिया गया। चालक की सूझबूझ और समय रहते किए गए प्रयासों के कारण बस में सवार सभी यात्रियों की जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया।

हालांकि आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में बस पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। कारोबारी को नकली सोना और चांदी थमाकर ठगी आग के कारण बस में रखा यात्रियों का सामान भी जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें और धुएं का गुबार काफी दूर से दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस व दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

### महाराष्ट्र विधानसभा में बम की धमकी, बजट सत्र के बीच हड़कंप, पुलिस ने जांच शुरू की

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान गुरुवार को विधान भवन में बम की धमकी मिली। यह धमकी एक ईमेल के जरिए दी गई थी। इस धमकी भरे संदेश के बाद पूरे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि जैसे ही इस खतरे की जानकारी मिली, तुरंत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एहतियात के तौर पर दक्षिण मुंबई में स्थित इस विधानमंडल परिसर से सभी कर्मचारियों और अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुरक्षा एजेंसियां और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गए हैं। वे पूरी इमारत की तलाशी ले रहे हैं।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## प्रधानमंत्री मोदी ने दांडी मार्च की वर्षगांठ पर विभूतियों को याद करते हुए शेयर किया संस्कृत सुभाषितम्



**नईदिल्ली 12 मार्च [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दांडी मार्च की वर्षगांठ पर इसमें शामिल सभी विभूतियों को याद करते हुए एक संस्कृत सुभाषितम् शेयर किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 1930 में आज ही के दिन दांडी मार्च की शुरुआत हुई थी। इसमें शामिल सभी विभूतियों का श्रद्धापूर्वक स्मरण। उन्होंने संस्कृत सुभाषितम् लिखा, सत्यमेव जयति नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः। येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम्॥ इस सुभाषितम् का संदेश है कि सदैव सत्य की ही विजय होती है और असत्य का नाश होता है। इसलिए उस मार्ग का अनुसरण करना चाहिए, जिस मार्ग पर चलकर ऋषियों ने आनंद और परमसत्य की प्राप्ति की। इससे पहले, स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्याय दांडी नमक सत्याग्रह की वर्षगांठ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने महात्मा गांधी को याद किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 1930 में आज ही के दिन महात्मा गांधी जी ने दांडी सत्याग्रह शुरू किया था, जिसने हर आयु और वर्ग के भीतर स्वतंत्रता की इच्छा को और भी प्रबल बनाया। यह स्वदेशी की दिशा में उठाया गया ऐसा कदम था, जिसने स्वाधीनता आंदोलन की दिशा बदल दी। दांडी सत्याग्रह के सभी महापुरुषों को नमन करता हूं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷महात्मा गांधी ने 1930 में आज ही के दिन अंग्रेजों के अत्याचारी नमक कानून के विरोध में साबरमती आश्रम से ऐतिहासिक दांडी नमक सत्याग्रह की शुरुआत की थी, जिसने भारतीय स्वाधीनता संग्राम को नई दिशा दी। स्वतंत्रता संग्राम के इस महत्वपूर्ण अध्याय दांडी नमक सत्याग्रह की वर्षगांठ के अवसर पर पूज्य महात्मा गांधी और सत्याग्रहियों को विनम्र अभिवादन। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, पूज्य बापू और अमर संघर्ष के सभी सत्याग्रहियों को कोटि-कोटि नमन। साल 1930 में आज ही के दिन महात्मा गांधी के नेतृत्व में साबरमती आश्रम से आरंभ हुआ दांडी नमक सत्याग्रह भारतीय स्वाधीनता संग्राम की उस ज्योति का प्रज्ज्वलन था, जिसने जन-जन में आत्मबल और स्वराज का नया मंत्र भर दिया। बर्बर और अलोकतांत्रिक ब्रिटिश शासन की जड़ें हिलाने वाले इस अभूतपूर्व दांडी मार्च ने यह सिद्ध किया कि सत्य, साहस और सामूहिक संकल्प से साम्राज्य भी डगमगा जाते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के विरोध में भाजपा आदिवासी मोर्चा का उग्र प्रदर्शन

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जिला कोरबा द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ट्रांसपोर्ट नगर चौक कोरबा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रति कथित अपमानजनक व्यवहार को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए उनका पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा एवं आदिवासी मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान पूरे आदिवासी समाज का अपमान है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज देश की अस्मिता और संस्कृति का अभिन्न अंग है और ऐसे अपमानजनक कृत्यों के खिलाफ पूरे देश में विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, आदिवासी मोर्चा जिलाध्यक्ष कुल सिंह कँवर, भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा, आदिवासी मोर्चा जिला महामंत्री वीरेंद्र मरकाम, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय राठौर सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए ममता बनर्जी के व्यवहार की कड़ी निंदा की।

## रसोई गैस-पेट्रोल की कमी की अफवाहों से बचें, प्रशासन की नागरिकों से अपील

**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्ष और उससे जुड़ी अफवाहों के बीच जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर सख्त रोक लगाने के लिए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने गैस वितरक एजेंसियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए रसोई गैस पर किसी भी प्रकार की अफवाह या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्ष को लेकर विभिन्न माध्यमों से रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की संभावित कमी संबंधी भ्रामक और अपुष्ट जानकारी प्रसारित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और रसोई गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुचारु और पारदर्शी गैस वितरण व्यवस्था उपलब्ध कराना है इस हेतु किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को प्रोफेशनल व्यवहार अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में एलपीजी सिलेंडर का अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग या अधिक मूल्य पर बिक्री जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। सभी एजेंसियां इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर और बुकिंग तिथि के अनुक्रम में ही दी जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी ओटीपी ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ही की जाए और बिना ओटीपी के किसी भी स्थिति में सिलेंडर की डिलीवरी न हो। साथ ही उपभोक्ताओं को 25 दिनों के पूर्व दोबारा सिलेंडर जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को प्रतिदिन अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल खाद्य अधिकारी को सूचित करने को कहा गया है, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो।

## रैम्प योजनांतर्गत जागरूकता शिविर संपन्न

**कोरबा।** रैम्प योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ स्टार्टअप नीति 2025-30 के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में किया गया।

शिविर में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छाओं को योजना के लाभ से संबंधित जानकारी विस्तार से दिया गया। उक्त शिविर में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष तथा जिले के विभिन्न उद्योगपतियों ने अपनी सहभागिता एवं उद्योग लगाने के संबंध में अनुभव साझा किया।

## क्लीनिकल स्थापना में सेवायें देने वाले चिकित्सकों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन कराना अनिवार्य

**कोरबा।** कोरबा जिले में विभिन्न हॉस्पीटल, नर्सिंग होम, मेटरनिटी होम, क्लीनिक ,पैथोलैब, एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में राज्य के विभिन्न जिलों तथा शासकीय चिकित्सकों के द्वारा सेवायें (ओपीडी) दी जाती हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि सभी चिकित्सक जो क्लीनिकल स्थापना में सेवायें देते हैं उन्हें अपनी सेवायें देने से पहले अपना नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य है। उन्होंने चिकित्सकों को आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीयन(रजिस्ट्रेशन प्रमाण), सेवा देने का समय संबंधी शपथपत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा करने निर्देशित किया है।उन्होंने क्लीनिकल संस्थाओं को निर्देशित किया है कि उनकी संस्थाओं में सेवायें देने वाले सभी चिकित्सक (शासकीय/निजि) का नर्सिंग होम एक्ट के तहत आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करावें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने क्लीनिकल स्थापना संचालकों से कहा है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत बिना पंजीकृत चिकित्सकों से सेवायें लेने पर छ.ग.राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 22 सिंतबर 2010 के अध्याय तीन के नियम 12 (क)1 के अनुसार रूपये 20 हजार का अर्थदण्ड होगा तथा दूसरी बार उक्त कृत्य दोहराने पर तीन वर्ष तक के कारावास अथवा रूपये 50 हजार का अर्थदण्ड अथवा दोने के भागी होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपके स्वयं की होगी।

## इस छोर से उस छोर तक, नवनिर्मित पीएम जनमन सड़क का कलेक्टर ने किया विस्तृत निरीक्षण

**कोरबा।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी समुदाय की बसाहटों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए कोरबा जिले में पक्की सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में कोरबा विकासखंड के ग्राम देवपहरी से सोनारी एवं जामभाठा तक निर्मित नई सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा पीएम जनमन योजना में स्वीकृत कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है, साथ ही पीवीटीजी समुदाय के हित में किए जा रहे विकास कार्यों का फील्ड में जाकर प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया जा रहा है। जानकारी प्राप्त होने पर कि देवपहरी मुख्य मार्ग से जामभाठा और सोनारी तक सड़क निर्माण पूरा हो गया है, कलेक्टर ने आज इस मार्ग का छोर से छोर तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की संपूर्ण संरचना, ग्रामीण परिवेश, भौगोलिक परिस्थितियों, मोड़ों की किया।

# ग्राम भंवरखोल में नई उचित मूल्य दुकान स्थापित होने से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत



**कोरबा।** विकासखंड करतला के ग्राम पंचायत साजापानी का आश्रित ग्राम भंवरखोल लंबे समय से खाद्यान्न प्राप्ति की गंभीर समस्या का सामना कर रहा था। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन के लिए ग्रामीणों को लगभग 14 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। बरसात के दिनों में मार्ग बाधित होने से स्थितियाँ और अधिक कठिन हो जाती थीं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएँ एवं दिव्यांग हितग्राहियों को भारी परेशानी होती थी।

साजापानी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में सितंबर 2025 तक कुल 670 राशनकार्ड संबद्ध थे, जिनमें अंत्योदय, प्राथमिकता, निःशक्त तथा सामान्य श्रेणी के परिवार शामिल थे। इनमें से भंवरखोल के 276 कार्डधारी परिवारों द्वारा लगातार दूरी एवं असुविधा संबंधी समस्या की जानकारी स्थानीय पंचायत द्वारा जिला प्रशासन तक पहुंचाई गई।

ग्रामीणों की आवश्यकता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता के साथ त्वरित निर्णय लिया और ग्राम भंवरखोल में ही नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान की स्थापना स्वीकृत की। अक्टूबर 2025 से इस दुकान में खाद्यान्न आबंटन एवं वितरण का कार्य विधिवत प्रारंभ करा दिया गया। इससे ग्रामीणों को तत्काल बड़ी राहत मिली और अब वे अपने ही गाँव में समय पर और नियमित रूप से राशन प्राप्त कर पा रहे हैं। दुकान का संचालन जय भैरवी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा पारदर्शी एवं सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे वितरण व्यवस्था में सहजता बनी हुई है।जिला प्रशासन द्वारा दुकान के लिए नवीन पीडीएस भवन की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। यह भवन डीएमएफ मद से निर्माणाधीन है और आगामी बरसात से पूर्व पूर्ण हो जाएगा। भवन तैयार होने के पश्चात खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण व्यवस्था और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित हो जाएगी।ग्राम भंवरखोल के ग्रामीण किशन पिता जीवन, नन्द कुमार पिता प्यारे लाल, योगेश कुमार पिता शहादुर सिंह, राहुल कुमार पिता रामरतन तथा जीवन लाल पिता रामसिंह ने बताया कि पहले उन्हें राशन प्राप्ति हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी और बरसात में स्थिति अत्यंत जटिल हो जाती थी। अब गांव में ही उचित मूल्य दुकान संचालित होने से न केवल समय और दूरी की समस्या समाप्त हो गई है बल्कि नियमित और समय पर राशन उपलब्ध होने से सभी हितग्राही संतुष्ट हैं।

भंवरखोल में उचित मूल्य दुकान की स्थापना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि ग्रामीणों की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए किए गए संवेदनशील निर्णय का स्पष्ट उदाहरण है। यह सफलता कहानी दर्शाती है कि योजनाओं का प्रभाव तब ही सार्थक होता है, जब वे जन-हित में समय पर और सही स्थान पर लागू की जाती हैं। खाद्य अधिकारी श्री घनश्याम कँवर ने बताया कि आज भंवरखोल के ग्रामीण महसूस कर रहे हैं कि सुविधाएँ उनके द्वार तक पहुँच रही हैं और उनका जीवन पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल एवं सहज हो गया है।

## निगम के बकायादार की प्रॉपटी को किया गया सील



**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम ने बकायादारो की सम्पत्ति को सील कर दिया। यह कार्यवाही कोसाबाड़ी व टी.पी. नगर जोन में निगम के बडे बकायादारो पर की गई। कर न जमा करने वाले बकायादारों पर अब निगम सख्त कार्यवाही कर रहा है। विशेष कर बड़े बकायादारों द्वारा यदि शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है, तो सम्पत्तियों की सीलबंदी व उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जाएगी।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा ऐसे बडे बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध निगम कड़ी कार्यवाही की तैयारी में हैं। उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित हैं।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कडे निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में निगम के कोसाबाड़ी जोन एवं टी.पी. नगर जोन में बकायादारो द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम के राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह की अगुवाई में निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है। उन्हें तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह के साथ ही उप जोन प्रभारी दिलेश्वर सिंह ठाकुर, अविनाश जायसवाल, राजेश वैष्णव, अजय ताडे, श्रवण झा, राकेश विश्वकर्मा सहित अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## होटल पिक डोर में हित सहचारी सेवा समिति का रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से संपन्न रंग, मस्ती और उमंग से सराबोर रहा भव्य आयोजन



**कोरबा।** श्री हित सहचारी सेवा समिति द्वारा होटल पिक डोर में आयोजित रंग पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास, उत्साह और आपसी मेल-मिलाप का शानदार उदाहरण बनकर सामने आया। रंगों के इस विशेष पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर रंग पंचमी का पर्व पूरे उल्लास और आनंद के साथ मनाया। पूरे आयोजन के दौरान हॉल में खुशियों, हंसी और तालियों की गूंज सुनाई देती रही।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डांस, मस्ती और कई रोचक प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। जैसे ही प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा हुई, पूरे हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी और खुशियों का माहौल चरम पर पहुंच गया।

महिला समूह की संरक्षिका नीलू राय के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति की सदस्याओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू गुप्ता, श्वेता दुबे, अंजना सिंह, नेहा सिंह, मीनाक्षी शर्मा, रजनी श्रीवास्तव, किरण सिंह, भावना स्वर्णकार, रूप माना, राजू श्री पांडे, डब्ल्यू. राजेश्वरी, मीरा बनाफर, शशिकला बघेल, शोभा असाटी, कुंती पटेल, कुमुद तिवारी, मीनाक्षी हल्दर, सरिता राय, अंशु सिंह, मंजू साहू, मीना ठाकुर, श्रद्धा कर्मी, उषा सिंह, अनीता राव, गुड़िया, प्रियंका वर्मा, रीना जायसवाल, विनीता सिंह, सारिका और मोना का विशेष सहयोग और योगदान रहा।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने ढेर सारी मस्ती, डांस और मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। रंग पंचमी के इस खास अवसर पर रंगों के साथ-साथ संगीत और हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने रंग-बिरंगे और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए इस यादगार आयोजन का समापन किया।श्री हित सहचारी सेवा समिति द्वारा आयोजित यह रंग पंचमी महोत्सव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाओं के आपसी स्नेह, मेल-जोल, ऊर्जा और उत्साह का अनोखा संगम बनकर सभी के दिलों में एक यादगार छाप छोड़ गया।

## भाजपा कार्यालय का घेराव आज



**कोरबा।** दुर्ग जिले के समोदा ग्राम में बीजेपी नेता के द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर तथा बलरामपुर जिले के सनाटोली के जंगल में लगभग 05 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती के अलावा नशे के कारोबार को संरक्षण दिये जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के अह्वान पर 12 मार्च , दिन- गुरुवार को दोप. 3:30 बजे टीपी नगर स्थित बीजेपी जिला दफ्तर का घेराव किया जावेगा।

उक्त जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जिला कांग्रेस , महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, सेवादल, अजा, अजजा, अपिव प्रकोष्ठ, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, पूर्व पार्षद, ब्लॉक, मण्डल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

## कटघोरा ब्लॉक : सीएमएचओ की समीक्षा बैठक संपन्न



**कोरबा।** दिनांक 11.03.2026 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के अध्यक्षता में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमे समस्त जिला नोडल अधिकारी, डीपीएम,जिला सलाहकार ,बीपीएम कटघोरा एवम समस्त सीएचओ कटघोरा उपस्थित रहे ।

टीबी नियंत्रण कार्यक्रमकी समीक्षा करते हुए सीएमएचओ सर के द्वारा आगामी 24 अप्रैल से शुरू होने वाली 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान के तैयारी करने के निर्देश दिए गए ।जिसमे सभी मितानिन का प्रशिक्षण और हाई रिस्क गांव के लोगो का निक्षय पोर्टल में एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं ।

वही अभी तक के निक्षय पोर्टल के एंट्री संतोषप्रद नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए 2 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए ।जहाँ एक्स रे जाँच हो रही है वहाँ तत्काल जाँच रिपोर्ट पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए गए है ।मातृस्वास्थ्य कार्यक्रम* में आरसीएच 2 में डेटा शत प्रतिशत का वेरिफिकेशन कर आवश्यक सर्विस देना है जिसमे कटघोरा ब्लॉक का उपलब्धि अन्य ब्लॉक की तुलना में कम होने पर नाराजगी जताते हुए शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश ,साथ ही सभी एएनसी माताओ का 4 बार जाँच उनको 100% आईएफ़ए एवम कैल्शियम को गोली देने के निर्देश दिए गए ।उच्च जोखिम वाले माताओ का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गए उनका पीएसएमए दिवस में महिला रोग विशेषज्ञ से जाँच करवाये । गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में सभी एनरोल्ड लोगो का शतप्रतिशत हाइपरटेंशन सुगर कैंसर आदि का स्क्रीनिग करे । सभी डायग्नोसिस मरीजों का नियमित फॉलो अप और नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए ।मेंटल हेल्थ कार्यक्रम में सभी अल्होहालिक तंबाकू के सेवन करने मरीजों को स्क्रीनिंग करने का निर्देश दिए गए ।सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम में सोनपुरी बिरदा भिलाईबाजार रंजना दीपका प्रगतिनगर के स्क्रीनिग को बढ़ाने के निर्देश दिए गए ।सियान जतन कार्यक्रम में नेहरूनगर देवरी दीपका नवागावकला का रिपोर्ट एंट्री नहीं हुआ है अतः सभी डेटा रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए ।सभी छूटे हुए लोगो का आभा आईडी बनाने एनसीडी पोर्टल में लिंक करने के निर्देश दिए गए हैं ।

## बराज में डूबे युवक का शव बरामद

**कोरबा।** जिले के दर्री बराज में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव करीब 53 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। लगातार दो दिन तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम को घटनास्थल से लगभग 300 मीटर दूर जलकुंभी में फंसा शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी में रखवा दिया है।जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र के जय भगवान गली निवासी नौशाद अली अंसारी (22 वर्ष) सीएसईबी की एक ठेका कंपनी में काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। रविवार को वह अपने दोस्तों के साथ दर्री बराज के कलमीडुग्गु बस्ती के पास चरोंज में नहाने गया था। इसी दौरान उसने बराज में छलांग लगा दी। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया।शुरुआत में दोस्तों को लगा कि वह मजाक कर रहा है, लेकिन कुछ ही देर में स्थिति गंभीर हो गई। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, परंतु वे सफल नहीं हो सके और उनकी आंखों के सामने ही नौशाद गहरे पानी में डूब गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नगर सेना के गोताखोरों को बुलाया गया। डीडीआरएफ की टीम ने युवक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन पहले दिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद दूसरे दिन बिलासपुर से पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने भी अभियान में हिस्सा लिया।लगातार खोजबीन के बाद भी शव नहीं मिलने पर आशंका जताई जा रही थी कि वह जलकुंभी में फंस गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त टीम ने जलकुंभी हटाने का अभियान शुरू किया। मंगलवार देर शाम लगभग 300 मीटर दूर जालीनुमा हिस्से में जलकुंभी के बीच फंसा युवक का शव मिला, जिसे बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवा दिया है। आज परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम सहित आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## महतारी वंदन योजना बनी मातृशक्ति के आत्मविश्वास की पहचान



**कोरबा।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह राशि केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं बल्कि महिलाओं के लिए आत्मविश्वास, सम्मान और सुरक्षा की भावना भी प्रदान कर रही है।कोरबा जिले के अंतर्गत ग्राम झांझ, ग्राम पंचायत कसियाडीह की निवासी श्रीमती सुनीता नेताम भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली राशि बिना किसी से मांगे और बिना किसी प्रतीक्षा के हर माह समय पर उनके बैंक खाते में पहुंच जाती है, जिससे उन्हें काफी सहूलियत होती है।श्रीमती सुनीता नेताम ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिली, जिसके बाद उन्होंने आवेदन कर योजना का लाभ लेना शुरू किया। इसी दौरान वे गर्भवती हुईं और उनकी बेटी का जन्म सातवें माह में ही हो गया। समय से पहले जन्म होने के कारण बच्ची काफी कमजोर थी और जन्म के समय उसका वजन मात्र 1 किलो 600 ग्राम था। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना से प्राप्त होने वाली राशि उनके लिए सहारा बनी। उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने और अपनी बेटी के स्वास्थ्य एवं पोषण पर किया। उन्होंने अपने खान-पान में विशेष ध्यान देते हुए फल, हरी सब्जियां और पौष्टिक आहार लेना शुरू किया, जिससे उन्हें और उनकी बच्ची को लाभ मिला। जब बच्ची छह माह की हुई, तब उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले रेडी टू ईट पोषण आहार का भी नियमित रूप से उपयोग कराया। उचित पोषण और देखभाल के कारण आज उनकी बेटी पूरी तरह स्वस्थ है और वर्तमान में उसका वजन लगभग सात किलोग्राम हो चुका है।

श्रीमती सुनीता नेताम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना जैसी पहल से माताओं को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ मानसिक संबल भी मिला है। उन्होंने कहा कि आज उनकी बेटी स्वस्थ है और इसके लिए वे राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना की आभारी हैं।महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की लाखों महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरणा मिल रही है और यह योजना मातृशक्ति के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने हेतु जिले में विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सब्सिडी युक्त गैस का व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग न केवल नियमविरुद्ध है, बल्कि आम जनता के अधिकारों का भी उल्लंघन है।इसी क्रम में आज ट्रांसपोर्टर नगर, कोरबा स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान सेंटर प्वाइंट का निरीक्षण राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया

# टुण्डरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन



**जांजगीर।** नगर पंचायत टुण्डरा के वार्ड क्रमांक 15 में इन दिनों श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य और भक्तिमय आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 8 मार्च से प्रारंभ होकर 15 मार्च तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक श्रीमद् भागवत कथा को सुन रहे हैं।

कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया है। सात दिवसीय धार्मिक आयोजन साहू परिवार द्वारा अपने स्वर्गीय पिता की पुण्य स्मृति में कराया जा रहा है। कथा के यजमान रमेश कुमार साहू एवं शांति देवी साहू हैं, जो पूरे श्रद्धा भाव के साथ इस आयोजन का संचालन करवा रहे हैं। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जा रही है।

कथा सुनाने के लिए ओडिशा के कोमना क्षेत्र से पधारे विख्यात कथा वाचक कान्हा जी महाराज अपनी मधुर वाणी और प्रभावशाली शैली में श्रीमद् भागवत की कथा का रसपान करा रहे हैं। उनके द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तों के प्रति उनकी करुणा तथा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने के संदेशों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा के दौरान वे विभिन्न धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से लोगों को जीवन में सदाचार, सेवा और भक्ति का महत्व भी समझा रहे हैं। कथा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार 12 मार्च को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया जाएगा। 13 मार्च को भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह का भव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि 14 मार्च को सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा, जिसमें भगवान और भक्त के अटूट प्रेम की कथा सुनाई जाएगी। कथा के अंतिम दिन 15 मार्च को हवन, सहस्त्रधारा और विशाल भंडारे के साथ इस सात दिवसीय आयोजन का विधिवत समापन होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

# सक्ति में समस्याओं को बढ़ाया ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण ने

**सक्ती।** नगर में बेजा कब्जा तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से इसका समाधान नहीं किया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

विशेषकर गौरव पथ रोड पर स्थिति चिंताजनक है। सदर स्कूल के सामने गेट के पास दुकानदार बेतहाशा बेजा कब्जा कर रहे हैं। दुकानों के सामान सड़क पर निकालकर ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है, जिससे स्कूल परिसर और आसपास का मार्ग व्यस्त और अव्यवस्थित हो गया है। यह क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय, मिडिल स्कूल, आंगनबाड़ी और कन्या कॉलेज के नजदीक होने के कारण बच्चों के आने-जाने खतरे का स्थान बन गया है। स्कूल के



फाईल फोटो

सामने लगे चौपाटी की दुकान के आसपास चार-चक्का और दो-चक्का वाहन खड़े रहते हैं, जिससे सड़क जाम और अव्यवस्था बढ़ जाती है।

प्रशासन द्वारा कभी-कभार बेजा कब्जा हटाया जाता है, लेकिन दूसरे दिन ही दुकानदार फिर वही दुकान स्थापित कर देते हैं। अग्रसेन चौक के पास भी यही हाल है। जब किसी वीआईपी का काफिला आता है, तो पुलिस और नगर पालिका केवल मार्ग को अस्थायी रूप से खाली कर देती है और कहते हैं कि वीआईपी निकल जाने के बाद फिर कब्जा किया जा सकता है। कभी-कभी अग्रसेन स्टेशन रोड पर आधा से एक घंटा तक जाम रह जाता है, जबकि यातायात पुलिस थाना सड़क के बिल्कुल समीप है। इसके बावजूद कोई प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था नजर नहीं आती।

कचहरी चैक में चारों तरफ सिग्नल लगे हैं, लेकिन आज तक यह चालू नहीं हुआ। इस चैक से कन्या स्कूल और इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों का मार्ग गुजरता है, लेकिन वहां कोई ट्रैफिक व्यवस्था या पुलिस ड्यूटी नहीं रहती।

नागरिकों ने कई बार लिखित और मौखिक शिकायत के बावजूद प्रशासन की अनदेखी देखी है। उनका कहना है कि समय रहते यदि सड़क पर बेजा कब्जा और जाम की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना अनियंत्रित रूप से बढ़ सकती है। नगरवासियों की मांग है कि प्रशासन सड़क सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गंभीर कदम उठाए और बेजा कब्जा हटाने के लिए स्थायी समाधान निकाले।

# देवी मंदिरों में बासंती चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू



**बाराद्वार।** बासंती चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी। नौ दिनों की नवरात्रि को लेकर बाराद्वार और आसपास के देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंदिरों में रंगरोगन, साफ सफाई, ज्योति कलश भवनों की सफाई और व्यवस्था करने का काम जारी है।

मां काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, गुलाब मंदिर, खोडियार मंदिर, बंजारी मंदिर और मुक्ताराजा के समलाई दाई मंदिर से जुड़े लोगों ने व्यवस्थाएं संभाल ली हैं। मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। इस वर्ष दुर्गा मंदिर में 121 दीप प्रज्वलन और मॉ काली मंदिर में 601 से अधिक दीप प्रज्वलन किए जाएंगे। इच्छुक मंदिर समिति से संपर्क कर सकते हैं। समिति के सदस्य साफ सफाई, सजावट और दीप प्रज्वलन हेतु रसीद वितरण में जुटे हैं। 19 मार्च को घट स्थापना और दीप प्रज्वलन के साथ पूजा शुरू होगी। मां काली मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां नवरात्रि 19 से 27 मार्च तक हर वर्ष की तरह श्रद्धा और भक्ति के साथ नौ दिनों तक मनाई जाएगी। तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# प्रशासन ने दो होटल में दबिश देकर अवैध गैस सिलेंडर जप्त किये



**जांजगीर।** घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और उसकी कालाबाजारी तथा व्यावसायिक दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग की टीम ने जांजगीर-चांपा जिले में छापामार कार्रवाई की। चांपा नगर के कई होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

खाद्य विभाग ने करणी भोजनालय, पंजाब हवेली रेस्टोरेंट, जलाराम भोजनालय और होटल सुमित इन की जांच की, जहां व्यावसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग नियमों के अनुरूप पाया गया। इसके बाद टीम ने अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई जारी रखी। जांच के दौरान स्टेशन रोड स्थित होटल श्री गणेश में घरेलू गैस सिलेंडर से भोजन पकाते हुए पाया गया। नियम उल्लंघन की पुष्टि पर होटल प्रोपराइटर राजेश तिवारी से दो घरेलू गैस सिलेंडर, एक प्रेशर रेगुलेटर, एक गैस पाइप और एक गैस चूल्हा जब्त किया गया। इसी तरह चांपा रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल सोना में भी घरेलू गैस सिलेंडर से नाश्ता तैयार करते पाया गया। होटल प्रोपराइटर प्रेमलता यादव से दो सिलेंडर, एक प्रेशर रेगुलेटर, एक गैस पाइप और एक गैस चूल्हा जब्त किया गया।

खाद्य विभाग ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित है। इसका व्यावसायिक उपयोग नियमों के विपरीत है और इससे उपभोक्ताओं की गैस आपूर्ति प्रभावित होती है। दोनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस प्रकार की जांच जारी रहेगी और घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# हत्या का प्रयास, 4 आरोपियों को 3-3 साल कैद की सजा



**जांजगीर।** बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में 8 मई 2023 को हत्या के प्रयास के मामले में चारों आरोपियों को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विजय अग्रवाल ने तीन-तीन साल सश्रम कारावास व 2500-2500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। लखन डडसेना की रिपोर्ट पर पिता माधव डडसेना पर राहुल सिंघानिया उर्फ पोपो, पवन केशरवानी उर्फ मोनू, सोनीलाल जायसवाल व योगेन्द्र पटेल ने महामाया शिव चौक के पास घेरकर लाठी-डंडे, हाथ-मुक्के व ईंट से सिर-शरीर पर हमला किया था। गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने योगेन्द्र पटेल को पकड़कर लाल बहादुर स्कूल बाउंड्री से लकड़ी का बत्ता जब्त किया। बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। धारा 307 के तहत दोषी साबित हुए। न्याय ने अपराधियों को कड़ी सजा सुनिश्चित की।

# नवविवाहिता ने दी थी जान पति समेत चार गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** पुलिस ने दहेज प्रताड़ना में नवविवाहिता की खुदकुशी के मामले में पति समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला ने 11 फरवरी रात को फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। जांच में पता चला कि धर्मेंद्र निर्मलकर से विवाह के दो महीने बाद ही ससुराल वालों ने बाइक न देने पर मारपीट की। पकड़े गए पति धर्मेंद्र निर्मलकर, सास शिव कुमारी, देवर मनोज व मौसी सास तेरस बाई के खिलाफ परिजनों के बयानों से दहेज उत्पीड़न का खुलासा। इस पर पुलिस ने कार्रवाई की।

# शराब पीने से रोका तो बेटे ने मां पर चलाई टांगी, घायल

**जांजगीर।** शराब पीने से मना करने पर बेटे ने मां पर टांगी से वार कर दिया। महिला के गले पर गंभीर चोट आने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी शराबी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। नवागढ़ पुलिस के अनुसार मामला ग्राम पोड़ी का है। आरोपी दयाशंकर कश्यप (34) शराब का आदी है। बुधवार की सुबह वह शराब पीने की जिद कर रहा था। मां ने उसे डांटकर शराब पीने से मना किया। इस पर विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर उसने टांगी उठाकर मां के गले पर वार कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और महिला को अस्पताल पहुंचा, जहां उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है।

# पत्नी के हत्यारे पति को हुई आजीवन कारावास की सजा

**सक्ती।** जैजैपुर थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 5 जनवरी 2025 को सलनी निवासी 21 वर्षीय विवाहिता ममता कुमारी टंडन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना जैजैपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू हुई। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एनके सिन्हा और तहसीलदार जैजैपुर ने पंचनामा कराया, जबकि सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि ममता का गला दबाकर हत्या की गई। जांच में पता चला कि मृतका के पति मनोज टंडन अपनी साली से मोबाइल पर अशोभनीय बातें करता था। साली ने 5 जनवरी को ममता को यह बताया, जिससे घर के ऊपरी कमरे में विवाद हुआ। गुस्से में मनोज ने ममता के गले में पड़े गमछे से उसका गला घोंट दिया। बाद में गमछे को तालाब किनारे जलाने की कोशिश की।



# हसदेव पुल मछली मार्केट के पास बिजली के लटकते तारों से बढ़ा खतरा

**जांजगीर।** चांपा के हसदेव पुल के पास स्थित मछली मार्केट में बिजली के खंभे से लटकते खुले तार लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। इस क्षेत्र में रोज बड़ी संख्या में खरीदार, राहगीर और वाहन गुजरते हैं। नीचे लटकते तार किसी भी समय गंभीर हादसा कर सकते हैं। आसपास रोजाना घुमंतू मवेशी भी घूमते रहते हैं, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से तार खुले पड़े हैं, लेकिन बिजली विभाग ने अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई है। बारिश और तेज हवा के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। मछली मार्केट में नमी और पानी भी रहता है, जिससे हादसे की संभावना और अधिक रहती है।

## अवैध खनिज खनन व दुलाई, 11 वाहन जब्त

**जांजगीर।** सक्ती जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। खनिज f??वभाग के अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर अवैध खनिज परिवहन करते हुए 11 वाहन जब्त किए गए हैं।

# पारा 38 डिग्री के पार, कलेक्टर ने जारी की एडवायजरी

**जांजगीर।** जिले में मार्च माह की शुरुआत से ही गर्मी ने अपना तीखा असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है और दोपहर से लेकर देर रात तक गर्म हवा चल रही है। बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने लोगों से सतर्क रहने और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।

कलेक्टर ने कहा है कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि बहुत जरूरी हो तो बाहर निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी या भोजन कर लें और सिर को टोपी, गमछा या कपड़े से ढककर रखें।

उन्होंने यह भी सलाह दी कि धूप में निकलते समय आंखों को सुरक्षित रखने के लिए चश्मा पहनें और समय-समय पर पानी या अन्य तरल पदार्थ का सेवन करते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जब तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है और लगातार कई दिनों तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं, तब लू की स्थिति बन जाती है। ऐसे मौसम में तेज धूप में अधिक समय तक रहने से शरीर में मौजूद पानी और खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है और लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लू लगने पर शरीर का तापमान अचानक बढ़ जाता है और कई बार पसीना भी नहीं आता। इसके साथ ही अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना, सिर में भारीपन या दर्द, चक्कर आना, उल्टी होना, शरीर में कमजोरी और दर्द महसूस होना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

कई मामलों में तेज बुखार, मुंह सूखना, आंखों के सामने अंधेरा छाना या व्यक्ति के बेहोश होने जैसी गंभीर स्थिति भी बन सकती है।

बचाव के लिए ये उपाय करें 6यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर आराम कराएं। 6पीड़ित व्यक्ति के शरीर को ठंडे पानी से पोंछे ताकि शरीर का तापमान कम किया जा सके। 6स्थिति गंभीर होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में उपचार के लिए ले जाएं। 6आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस और संजीवनी एक्सप्रेस 108 की सेवा उपलब्ध है। 6स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और परामर्श के लिए स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नकली नोट खपाया: 2 दोषी को 4-4 साल की सजा

**अंबिकापुर।** नकली नोट खपाने के मामले में दो आरोपियों को एनआईए के विशेष न्यायाधीश ने चार-चार साल की कठोर कारावास की सजा दी है। कोरिया जिले के झगराखांड निवासी सरिता केंवट एक दुकान में काम करती थी। दुकानदार राजू कश्यप ने उसे 15 सितंबर 2019 को एक हजार रुपए मजदूरी दी। इसमें सौ-सौ के दस नोट थे। इसके बाद सरिता एक दुकान से सामान खरीदी और सौ रुपए का एक नोट दी, तब दुकानदार ने उसे बताया कि ये नोट नकली है। फिर सरिता ने पुलिस में रिपोर्ट की तो मामला सामने आया। पुलिस ने मामले में दफाई नंबर 1 नार्थ झगराखांड कोरिया निवासी राजू उर्फ रंजित कश्यप व मनेंद्रगढ़ कोरिया टंकी दफाई निवासी शोभनाथ टोप्पो के खिलाफ केस दर्ज कर मामला कोर्ट में पेश किया।

विशेष न्यायाधीश एनआईए केएन चरयाणी ने वाद सिद्ध होने पर बुधवार को फैसला सुनाया। आरोपी राजू उर्फ रंजित कश्यप को धारा 420 के तहत एक वर्ष, 489 ख में चार वर्ष व 489 ग में चार वर्ष की कठोर सजा दी है। आरोपी शोभनाथ टोप्पो को धारा 489 ग के तहत चार वर्ष की कठोर सजा सुनाई है।

## बलौदा पुलिस ने चोरी के तीन मामले में आरोपी को दबोचा

**जांजगीर।** थाना बलौदा क्षेत्र में सूने घरों को निशाना बनाकर हुई तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, बर्तन और नकद सहित करीब 3 लाख 70 हजार रुपए का सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में गणेश केंवट उर्फ बुट्टी (24) निवासी औराभोई पारा हरदी महामाया, रोशन बरेठ (18) और दिनेश बरेठ (20) निवासी हरदी महामाया शामिल हैं।

पहला मामला हरदी महामाया निवासी 82 वर्षीय दाऊ राम साहू का है। 17 जनवरी को वे घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। 27 फरवरी को लौटने पर उन्होंने देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी का ताला टूटा हुआ है। अलमारी से चांदी की करधन, पायल, अंगूठियां, सोने की फुली और 20 हजार रुपए नकद चोरी मिले।

दूसरा मामला न्यू चंदनियापारा जांजगीर निवासी आनंद मोहन पाण्डेय का है। उनके हरदी महामाया स्थित घर में 18 फरवरी से 9 मार्च के बीच चोरों ने घुसकर सोने-चांदी के पुराने जेवर और 5 हजार रुपए चोरी कर लिए, जिनकी कुल कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई है। तीसरा मामला हरिओम साहू का है, जो वर्तमान में रायपुर में रहते हैं। 10 मार्च को जब वे हरदी महामाया स्थित घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा मिला और पीतल-कांसे के बर्तन गायब थे। तीनों मामलों की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202602050400042
रा.प्र.क्र.-/अ-21(2)/2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार अशोक कुमार अग्रवाल/हरीश परसाई दोनों निवासी कोरबा तहसील व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15002/1 रकबा 0.86 ए. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 12 क्षेत्रफल 1387 वर्गफीट को प्रस्तावित क्रेतागण (1) अशोक कुमार जैन पिता बाबू लाल जैन (2) आगम जैन पिता अशोक कुमार जैन दोनों जाति जैन निवास ई.डब्ल्यू.एस.-50 राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-01 कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ.(रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला- कोरिया (छ.ग.)**

ईकोर्ट रा.प्र.क्र........../अ-6/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक प्रेमनाथ आ. रामाकांत दुबे जाति ब्रहाम्ण (सामान्य) निवासी बैकुण्ठपुर पोस्ट बैकुण्ठपुर जिला कोरिया द्वारा ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 9 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 13/23 रकबा 0.008 हे. भूमि पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को पैसों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक श्रीमती आनंद कुमारी पति कवलेश जाति तेली निवासी कंचनपुर पोस्ट कसरा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को ब्रिकय किये जाने हेतु अनुमति दिये जाने का निवेदन किया है। है तथा उनकी संपत्ति का नामांतरण वसीयतग्रहिता के पक्ष में किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 25/03/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

सील

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सक्ती**
**जिला- सक्ती (छ.ग.)**

क्रमांक/680/लो.नि.वि./न.पा./2026 सक्ती, दिनांक 11.03.2026

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

मरम्मत संधारण/निकाय एवं अन्य मद अंतर्गत पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेता से नगर पालिका परिषद सक्ती में निम्नांकित कार्यों के लिए प्रपत्र ''ब'' में आईटम दर पर त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

1.निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 02.04.2026 समय 05.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि : 06.04.2026 समय 05.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 08.04.2026 समय 03.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 08.04.2026 समय 04.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सबमर्सिबल पंप मरम्मत कार्य, | 9.00 | 6800 | 750 |
| 2 | टेशनरी, बाईडिंग, फोटोकापी, एवं स्टेशनरी संबंधी कार्य | 5.00 | 5000 | 750 |
| 3 | टेन्ट किराया | 5.00 | 5000 | 750 |

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में पी.डब्ल्यू.डी. शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्ते एवं जानकारियां कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

टीप :- यदि नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की कार्यवाही संपादित नहीं होती है, तो आगामी दिवस की सूचना पृथक से जारी किया जावेगा।

**'' नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं''**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सक्ती**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

# विधायक व्यास कश्यप ने धान कुप्रबंधन का उठाया मामला

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने धान खरीदी, कस्टम मिलिंग और भंडारण प्रणाली में हो रही अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी और गोदाम प्रबंधन में लापरवाही के कारण राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

विधायक कश्यप ने बताया कि वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग के लिए 1,28,61,832 मीट्रिक टन धान दिया गया था, जबकि केवल 79,69,000 मीट्रिक टन चावल जमा हुआ। लगभग 6,59,000 मीट्रिक टन चावल कम मिला, जिसकी कीमत करीब 3,869 करोड़ रुपए आंकी गई है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था की अनियमितताओं से राज्य को कुल मिलाकर लगभग 8,500 करोड़ रुपए तक का नुकसान हुआ है। जांजगीर-चांपा के अमरताल संग्रहण केंद्र में करीब 15 करोड़ 15 लाख 71 हजार 400 रुपए मूल्य का धान गायब पाया गया।



कश्यप का कहना था कि सरकारी गोदामों में पर्याप्त जगह होने के बावजूद धान को निजी स्थानों पर रखा गया, जिससे चोरी और अनियमितताओं की आशंका बढ़ी। उन्होंने खरीदी केंद्रों के अध्यक्षों और प्रभारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि कई जगहों पर मिलकर अनियमितताएं की जा रही हैं।

सरकार द्वारा 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन केवल 141 लाख मीट्रिक टन धान ही खरीदा जा सका। कश्यप ने कहा कि कई किसान ऋण लेकर खेती करते हैं और धान न बिकने से आर्थिक संकट में हैं। विधायक कश्यप ने पूरे प्रदेश में जांच कराने, दोषियों को निलंबित या बर्खास्त करने, सभी संग्रहण केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने और गोदाम निर्माण कार्यों में तेजी लाने की मांग की। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि किसानों को धान बोनस दिया जा रहा है और सरकार किसानों के हित में काम कर रही है।

## अनमोल वचन......

जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है खुद को बदल लो।

# ईरान ने लंबी लड़ाई की तैयारी कर रखी

*खामेनई के उत्तराधिकारियों ने चंद घंटों के अंदर जिस तरह इजराइल के अंदर तथा विभिन्न खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य एवं अन्य ठिकानों को निशाना बनाया, उसका यही पैगाम है कि ईरान ने लंबी लड़ाई की तैयारी कर रखी है। विडंबना ही है कि जिस सुबह अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमद अल बुसेइदी ने जानकारी दी कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार को खत्म करने और आगे संवर्धन ना करने पर राजी हो गया है, अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर साझा हमला बोल दिया। इसका एलान करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कहा, उसका अर्थ यही था कि वे इतने से संतुष्ट नहीं है, बल्कि ईरान में सत्ता परिवर्तन उनका मकसद है, ताकि पश्चिम एशिया में आगे चल कर इजराइल को चुनौती दे सकने वाला कोई देश ना रहे। इस उद्देश्य में अमेरिका- इजराइल को आरंभिक सफलता भी मिली। उनके हमलों में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनई मारे गए।*

*लेकिन अब यह स्पष्ट है कि उससे तखता पलट का मकसद तुरंत हासिल होने नहीं हुआ है। ईरान के इस्लामी शासन ने उत्तराधिकार की कई स्तरों की व्यवस्था की हुई है, जिसमें आपातकालीन उत्तराधिकार भी शामिल है। खामेनई के उत्तराधिकारियों ने चंद घंटों के अंदर जिस तरह इजराइल के अंदर तथा विभिन्न खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य एवं अन्य ठिकानों को निशाना बनाया, उसका यही पैगाम है कि ईरान ने लंबी लड़ाई की तैयारी कर रखी है। कोरिया और वियतनाम युद्धों के बाद कभी ऐसा नहीं हुआ कि किसी शक्ति ने अमेरिकी सैन्य अड्डों पर इतने बेखौफ ढंग से हमले किए हों। उधर पूरा पश्चिम एशिया लड़ाई के दायरे में आता दिख रहा है, जिससे क्षेत्रीय युद्ध के अंदेशे ने ठोस रूप ले लिया है। इसके बीच 'छोटी और निर्णायक' लड़ाई की डॉनल्ड ट्रंप की मंशा पूरी होने की संभावना कम ही है। तखता पलट के बिना आखिर क्या वो मकसद होगा, जिससे ट्रंप अपनी जीत का एलान कर सकें, यह उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है। इस रणनीतिक अस्पष्टता के कारण युद्ध का लंबा खिंचा, तो उसकी आंच दुनिया भर तक पहुंचेगी। ईरान ने होरमुज खाड़ी और उसके सहयोगी यमन स्थित अंसारुल्लाह (हूती) ने लाल सागर को बंद करने का एलान किया है। इससे विश्व स्तर पर ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है। उसके गहरे वित्तीय एवं आर्थिक परिणामों की आशंका मंडराने लगी है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को प्रोग्राम बनायेंगे और यह सोचकर आप पूरा दिन खुश रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आप खूब मन लगाकर काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे, आपका पूरा दिन व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी खूबसूरत जगह पर घूमने जायेंगे, इससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर एक परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे।

**मिथुन राशि:**आज का दिन आपके लिए सुनहरा होगा। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आपको यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएं ऐसा कुछ नहीं होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है।

**कर्क राशि:**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए लाभकारी साबित होगा। आज के दिन आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे आज फालतू कामों में व्यस्तता रहेगी। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**कन्या राशि :**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपके जिगरी दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आज आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज आपकी कर्मठता की वजह से लोगों के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से मनपसंद सामान खरीदेंगे। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :**आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने लक्ष्य पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे और आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगो का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे । इस राशि की महिलाएं अपने बिजनेस में एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा।

**मकर राशि :** आपके लिए आज का दिन मिले जुले अनुभव देने वाला रहेगा। आज आपके तय किए गये काम नियत समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद को प्रसन्नता होगी ।लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है, लेकिन यह समय धैर्य पूर्वक काटने से जल्द ही सब कुछ नार्मल हो जायेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्य क्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं।

**मीन राशि:**आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से बात चीत करते समय अपने गुस्से पर काबू रखें। आज यात्रा का योग बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें।

# ट्रंप ने पिछले एक वर्ष में दुनिया को हांका

//हरिशंकर व्यास//

**देश-सभ्यता विशेष को व्यक्ति विशेष कितना तबाह कर देता है और संविधान, सुप्रीम कोर्ट कैसे देश बचाने की ढाल बनते हैं, इसका प्रमाण आज अमेरिका है। उस नाते अमेरिका के ढाई सौ साल और भारत की स्वतंत्रता, संविधान के आठ दशकों का क्या फर्क है। भारत ने कुछ ही दशकों में संविधान से सरकार को 'हम भारत के लोग' का माईबाप बना दिया। संस्थाएं बिना रीढ़ की हो गईं। नतीजतन 140 करोड़ लोग खैरात से भय, भूख, भक्ति की जिंदगी जी रहे हैं। ठीक विपरीत ढाई सौ साल पुराने अमेरिकी संविधान को खंगालें तो एकमात्र डोनाल्ड ट्रंप वह राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने संविधान-संस्थाओं को बेशर्मी से ठेंगा दिखाया।**

संविधान के एक आपातकालीन प्रावधान के हवाले टैरिफ के वे मनमाने फरमान निकाले, जिससे दुनिया में त्राहिमाम हुआ। पर अमेरिका के नागरिकों ने ही इस मनमानी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी! और सुप्रीम कोर्ट के छह जजों ने (तीन विरोध में) बहुमत से दो टूक यह फैसला दिया, ट्रंप के टैरिफ अवैध हैं! दुनिया में कितने ऐसे सुप्रीम कोर्ट हैं, जिनके जजों में ऐसी रीढ़ की हड्डी है। ट्रंप ने भी पिछले कार्यकाल में अपने जज नियुक्त किए थे। उनमें से भी राष्ट्रपति के फैसलों को अवैध करार देने वाले जज थे। चीफ जस्टिस सहित सभी नौ जजों ने जांच-तौल में लिखे गए प्रावधानों की व्याख्या तर्कों के साथ की और साफ बहुमत से ट्रंप के फैसलों को अवैध करार दिया।

ट्रंप का बौखलाना स्वाभाविक था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और जजों के खिलाफ विदेशी प्रभाव से लेकर कुत्ते जैसे जुमलों तक से हमला किया। और यह भी अमेरिकी संविधान की इस बुनियाद पर है कि नागरिक का मूलभूत अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता में कुछ भी कहने, यानी उसकी अभिव्यक्ति की आजादी का अबाध हक है। राष्ट्रपति डराएं, धमकाएं, कार्यपालिका को मनमाफिक चलाएं, सुप्रीम कोर्ट का जज न डरेगा, न चिंता करेगा। वह संविधान के प्रति प्रतिबद्धता में वही फैसला देगा जो संविधान का सत्य है और उसकी जो समझ या व्याख्या है।

सरकार या राष्ट्रपति से डरना, या कानून मंत्रियों की दखलंदाजी का अमेरिकी न्यायपालिका में कोई अर्थ नहीं है। न्यायपालिका की वैसी ही पृथक सत्ता है जैसी विधायिका-संसद की अपनी पृथक स्वतंत्रता है, तो बतौर कार्यपालिका के प्रमुख राष्ट्रपति का पावर भी पृथक और स्पष्ट है। तभी सुप्रीम कोर्ट ने संविधान-प्रदत्त आपातकालीन प्रावधानों के हवाले ट्रंप के टैरिफ अवैध करार दिए तो ट्रंप ने फटाफट अपने दूसरे अधिकार से 15 प्रतिशत टैरिफ का नया आदेश निकाला। पर इस आदेश के टैरिफ पांच महीने ही मान्य रहेंगे। फिर संसद जाना पड़ेगा। इस प्रावधान में टैरिफ लगाने की सीमा पंद्रह प्रतिशत ही है। जाहिर है, ऐसा करके ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट की परवाह न करने, मतलब अपने अहंकार को फिर दर्शाया।

इससे बदनामी, भद्द किसकी हो रही है? पूरी दुनिया और खासकर यूरोप के असल लोकतांत्रिक देशों में किसकी वाहवाही है? अमेरिका और अमेरिकी संविधान की। ट्रंप की नाराजगी की बिना चिंता किए वैश्विक मीडिया और नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सत्ता के संतुलन की जीत बताया। मतलब कोर्ट ने कार्यपालिका (राष्ट्रपति) की सीमाओं को स्पष्टता से दर्शाया है कि अमेरिका में कोई भी शाखा अवैध रूप से अधिक शक्ति नहीं ले सकती। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, 'लोकतंत्र में पावर काउंटरवेट्स (जांच-तौल) आवश्यक हैं'। कनाडा सरकार ने और हिम्मत दिखाई, 'तो टैरिफ गैरकानूनी साबित'! और तो और ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेताओं ने संवैधानिक संतुलन (चेक-बैलेंस) के पक्ष में फैसला सटीक बताया।

सोचें, दुनिया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कैसी राहत ली होगी। मन ही मन अमेरिका का कैसा मान बना होगा। आश्चर्य नहीं होगा यदि यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन आदि ट्रंप प्रशासन की दादागिरी में हुए व्यापार समझौते को खारिज करें या टाल दें। मंगलवार को ट्रंप संसद के साझा सत्र में 'स्टेट ऑफ द यूनियन' भाषण देंगे। उन्हें ठीक सामने बैठे सुप्रीम कोर्ट के जज भी सुनेंगे। संभव है यह मौका कुछ अनहोनी लिए हुए हो। नामुमकिन नहीं कि ट्रंप सामने बैठे जजों को भला-बुरा कहें। या उनके भक्त रिपब्लिकन सांसद बनाम डेमोक्रेटिक सांसदों में राजनीतिक भिड़ंत हो! राष्ट्रपति ट्रंप ने विधायिका यानी संसद पर भी दबिश बनाई हुई है। पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संसद के ही टैरिफ अधिकारों की पुष्टि है, तो सांसदों पर राष्ट्रपति के भड़भड़िया भाषण का विशेष असर नहीं होगा। लेकिन हंगामा तो संभव है। जो हो, मूल सवाल है। अमेरिका का ऐसा बेजोड़ होना किस कारण से है। मेरा मानना है एकमेव वजह अमेरिकी नींव, संविधान है। और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका उन स्वतंत्रचेता मनुष्यों से निर्मित है जिनकी मूल वृत्ति (बेसिक इंस्टिंक्ट) आकाश में उड़ने, स्वतंत्रता से जीने तथा मन का कुछ करने का लक्ष्य होता है। तभी दुनिया भर के और स्वतंत्रता के बाद भारत के भी पढ़े-लिखे, पुरुषार्थी लोग सर्वाधिक अमेरिका गए। सभी अमेरिका के परिवेश में अपने अवसर मानकर गए। इस ललक के साथ कि वे कुछ बनें, खिलें और जिंदगी संतोष, सुरक्षा, स्वाभिमान से जिएं। सवाल है, क्यों अमेरिका में यह ज्यादा संभव है। इसलिए क्योंकि सरकार, कार्यपालिका, अफसर-बाबुओं का जिंदगी में न्यूनतम दखल है (ट्रंप ने इसे भयावह तौर पर बिगाड़ा है) और खुली सांस में जीना संभव है।

दूसरे शब्दों में अमेरिका जहां सौ फूल खिलने का सांस्कृतिक आधार लिए हुए है, तो उस गरुड़-बाज मानसिकता का वह परिवेश भी है जिसमें बुद्धि, मेहनत, जोखिम और पूंजी के बूते असंभव को संभव बनाना आम व्यक्ति के लिए भी मुमकिन है। हकीकत है कि कोलंबस ने अमेरिका खोजा तो उसके बाद 17वीं सदी में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन, फ्रांस आदि से लोग धार्मिक उत्पीड़न, कराधान और सामंती नियंत्रण से मुक्ति के लिए अमेरिका गए। तब समुद्री यात्रा की जोखिमों से पार पाकर जो भी अमेरिका पहुंचा, वह दुस्साहसी पुरुषार्थी था। सभी में यह जिद थी कि हमें कुछ बनना है, बनकर दिखाना है और जो भुगता है उसे नई दुनिया में नहीं पनपने देना है।

हां, मूल यूरोपीय विस्थापितों ने ही अपने आपको नई दुनिया कहा या माना, तो वजह यूरोप के तब के हालातों से तौबा थी। इसलिए नई दुनिया में किसी की अधीनता नहीं। हर नागरिक बंदूक रखकर रक्षा का अधिकारी। हमारा कोई मालिक नहीं। हम स्वयंभू अपने मालिक हैं। तभी इतिहास में यह तथ्य दर्ज है कि 1620 में मेफ्लावर से आए तीर्थयात्रियों ने अपना एक लिखित अनुबंध बनाया, जो स्वशासन यानी आत्म-शासन की शुरुआती मिसाल था। इसी कारण 1787 का संविधान बना तो वह मात्र शासन का दस्तावेज नहीं था, बल्कि राजा, सामंत, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री आदि की सत्ता से भयमुक्ति का दस्तावेज भी था। मतलब नई दुनिया में वह कुछ नहीं होगा जो 17वीं सदी में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन, फ्रांस आदि के सामंती शासनों में था।

इसलिए अमेरिका की खोज, 'नई दुनिया' का निर्माण, वह मानसिक खोज भी थी, जिससे मनुष्य ने स्वतंत्रता की गारंटी सुनिश्चित की। स्वशासन बनाया। संविधान निर्माताओं ने अपनी 'नई दुनिया' को ऐसी संस्थाओं से गूंथा, जिनका प्राथमिक काम एक-दूसरे पर निगरानी रखना और नागरिकों का स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित बनाए रखना है। इसलिए वहां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका की एक-दूसरे पर निर्भरता नहीं है, बल्कि पृथकता से एक-दूसरे पर निगरानी, चेक-बैलेंस के पुख्ता ढांचे में ढली हुई है।

हमें अंदाज नहीं है कि अमेरिका की संघीय व्यवस्था में एक स्टेट, उसका गवर्नर, उसका मेयर कितना स्वयंभू और शक्तिशाली होता है, तो विधायिका, स्टेट न्यायपालिका कितनी सशक्त है। और विकेंद्रीकृत व्यवस्था में राष्ट्रपति ट्रंप का अर्थ केंद्रीय सरकार, अंतरराष्ट्रीय संबंधों का वह महाबली है, जिससे दुनिया कंपकंपाए, पर अमेरिकी नागरिक नहीं खौफ खाता। इसलिए क्योंकि अमेरिका में संविधान का चेक-बैलेंस काम करता हुआ है। और संविधान क्यों। जेम्स मेडिसन का एक अच्छा वाक्य है, यदि मनुष्य देवदूत होते, तो किसी सरकार की आवश्यकता ही न होती। पर क्योंकि मनुष्य पूर्ण, निष्कपट या निष्पाप नहीं है, पशुगत अहंकारी वृत्ति-प्रवृत्ति का मारा है, तो समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन और संस्थाओं की आवश्यकता है। और यदि इस सबका केंद्र एक व्यक्ति बन जाए, तो वह वैसे ही लोगों को, देश-दुनिया को हांकेगा जैसे डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले एक वर्ष में दुनिया को हांका है।

# 'कैरियर पिजन सर्विस अभी भी जीवित

//रजनीश कपूर//

**ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है ङ्क 'कैरियर पिजन सर्विस'।**

यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

'कैरियर पिजन' या 'होमिंग पिजन' का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर-दर-शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में 'पिजन नेटवर्क' स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से 'पिजन पोस्ट' शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में 'कैरियर पिजनों' ने जान भी बचाई, फ्रांस में 'चेर आमी' नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए 'पिजन सर्विस' चली आ रही थी।

लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब-इंस्पेक्टर, एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976-77 के चुनावों और 1982 के 'फ्लैश फ्लड्स' में जब सड़कें-ब्रिज बह गए और वायरलेस-टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए। सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूर कटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक 'कैरियर पिजन' उड़ा। ठीक 11.20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की 'पिजन सर्विस' की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है। 1954 में दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के 'सुपर साइक्लोन' में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ये एक बार में 400-500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। 'बेल्जियन होमर' नस्ल के ये कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं।

2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो 'लॉफ्ट' अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 'बेल्जियन होमर पिजन' और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ये कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की।

आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी (कम्युनिकेशंस) अरुण रे के अनुसार, यह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है। गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, विरासत को बचाओ।

यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभाल कर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों-कॉलेजों व अन्य कार्यकर्मों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ़ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। ड्रोन और सैटेलाइट के युग में भी ये पंख वाले डाकिया हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति की शक्ति आज भी अजेय है।

ओडिशा पुलिस की यह पहल दुनिया के लिए मिसाल है। अमेरिका, यूरोप या एशिया की कोई अन्य पुलिस फोर्स आज ऐसा नहीं कर रही। यह सिर्फ ओडिशा का गौरव नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें इसे और मजबूत करना चाहिए। ज्यादा 'लॉफ्ट', ज्यादा प्रशिक्षण, ज्यादा जागरूकता किया जाए। क्योंकि संचार सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि विश्वास और विश्वसनीयता का मामला है। जब आधुनिक दुनिया इंस्टेंट मैसेजिंग पर निर्भर है, तब ये उड़नहार संदेशवाहक हमें सिखाते हैं । कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं, वे सिर्फ विरासत बन जाती हैं। ओडिशा पुलिस की 'कैरियर पिजन सर्विस' इसी विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन पंखों की उड़ान में इतिहास को महसूस कर सकें।

## तस्वीरों की दुनिया



कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग के सचिव और आईसीएआर के डीजी डॉ. मांगी लाल जाट नई दिल्ली में कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं पर वैश्विक सम्मेलन के लिए प्रेस वार्ता-सह-पूर्वाभास को संबोधित करते हुए।



नीति आयोग के वाइस-चेयरमैन सुमन बेरी ने नई दिल्ली में नीति आयोग में नीति आयोग की सीईओ श्रीमती निधि छिब्बर की मौजूदगी में फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 के दूसरे सालाना एडिशन की रिपोर्ट जारी की।



नीति आयोग के वाइस-चेयरमैन सुमन बेरी, नई दिल्ली में नीति आयोग में फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 के दूसरे सालाना एडिशन की रिपोर्ट जारी करने के मौके पर बोलते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का केरल के एर्नाकुलम जिले में पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के एर्नाकुलम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित और हरी झंडी दिखाई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के एर्नाकुलम में केरल और तमिलनाडु के बीच रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए पलक्कड़ और पोलाची के बीच एक नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एर्नाकुलम में एक पब्लिक मीटिंग के दौरान केरल बीजेपी प्रेसिडेंट राजीव चंद्रशेखर और दूसरे लोग एक मेमेंटो देते हुए।

# घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं: पीएम

**नईदिल्ली, 12 मार्च [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से अपील कि वे पश्चिम एशिया में जंग के कारण रसोई गैस आपूर्ति में आई बाधा के मद्देनजर अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि केवल सत्यापित जानकारी का ही प्रसार होना चाहिए। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी देशभर में होटल उद्योग को प्रभावित करने वाली कामर्शियल गैस (एलपीजी) की कमी और इस मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना के साथ-साथ आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत या कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच आई है।उधर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कमी नहीं होने जा रही है। रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है।अगर आप आज सिलिंडर बुक करते हैं तो महज दो से तीन दिन के भीतर आपूर्ति आपके घर तक सुनिश्चित की जाएगी।प्रेट्र के अनुसार, मोदी ने तमिलनाडु के त्रिचिरापल्ली में राजग की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा- मैं लोगों से अपील करना चाहूंगा कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं। उनका इशारा खाड़ी क्षेत्र को



प्रभावित करने वाले अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण आपूर्ति में व्यवधान से उत्पन्न एलपीजी संकट की ओर था। उन्होंने कहा कि इस टकराव ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा- घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही कहा कि हमारी सरकार हमेशा देश हित को सर्वोपरि रखती है। विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में हम हर परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से वैश्विक आपूर्ति को सुचारू रखने की कोशिश जारी है और साथ ही घरेलू स्तर पर एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है। सुजाता ने आम जनता से भी आग्रह किया है कि वो घबराहट में बुकिंग ना करें और ना ही जरूरत से ज्यादा एलपीजी सिलिंडर घर में जमा करने की कोशिश करें। बुकिंग के दो से तीन दिनों के बीच सिलिंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

होर्मुज जल मार्ग के प्रभावित होने से एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है लेकिन दूसरे विकल्पों से इसकी भरपाई की जा रही है। सुजाता ने बताया कि भारत में 14.9 करोड़ मीट्रिक टन गैस की खपत रोजाना होती है, जिसमें 4.8 करोड़ टन होर्मुज जल मार्ग से आती है और घरेलू स्तर पर 9.75 करोड़ टन उत्पादन होता है।पश्चिम एशिया संकट के शुरू होने के बाद घरेलू रिफाइनरियों ने एलपीजी का उत्पादन बढ़ा दिया है। अभी तक 25 प्रतिशत उत्पादन बढ़ा है। एलपीजी उत्पादन के आवंटन में घरेलू क्षेत्रों को प्राथमिकता देने का फैसला एक दिन पहले ही लागू किया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया है कि मौजूदा हालात में रसोई गैस को जमा करना एक बड़ी समस्या के तौर पर सामने आने का खतरा है। इस कालाबाजारी को रोकने के लिए तेल कंपनियों के अधिकारी राज्यों के संबंधित विभागों के साथ मिलकर कदम उठा रहे हैं। कच्चे तेल की आपूर्ति के बारे में पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि भारत में रोजाना 55 लाख बैरल की जरूरत है और पश्चिम एशिया संकट के बावजूद सरकारी कंपनियां रोजाना इतनी नई खरीद कर रही हैं। अगले कुछ दिनों में रूस से भी आपूर्ति बढ़ जाएगी। दो क्रुड, दो एलएनजी टैंकर जल्द ही भारत पहुंच रहे हैं। भारत अभी 40 देशों से क्रुड की खरीद कर रहा है। भारत के लिए अभी आपूर्ति कोई बड़ी समस्या नहीं है। हां, जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें अस्थिर हैं, वह चिंता की बात है।

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी आपूर्ति पर कड़ी नजर रखने और सिलिंडर की जमाखोरी तथा कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए हैं। गृह सचिव गोविंद मोहन ने देश के विभिन्न हिस्सों से गैस सिलिंडर की कमी की खबरें आने के बाद बुलाई गई एक ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता की। इसमें राज्यों के मुख्य सचिव, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी और पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। अधिकारियों को देश में ईंधन की कथित कमी को लेकर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने को भी कहा गया है।

# कुछ लोग हर किसी को पैसों से खरीदने की कोशिश कर रहे चुनाव से पहले सीएम ममता ने पार्टी नेताओं को किया सतर्क



**कोलकाता 12 मार्च।** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी नेताओं को पैसों के खेल और खरीद-फरोख्त के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। मंगलवार को कोलकाता के धर्मतला में अपना पांच दिवसीय धरना खत्म करने के बाद कहा कि हमें इस पर नजर रखनी होगी कि कभी-कभी कुछ लोग पैसों से हर किसी को खरीदने की कोशिश करते हैं।रामकृष्ण परमहंस देव की कही बात याद दिलाते हुए ममता ने कहा कि पैसा ही सबकुछ नहीं है। पैसा आता-जाता रहता है। जब लोगों को पता चलता है कि इस व्यक्ति ने पैसा लिया है, तो आपको हमेशा के लिए जनता के बीच गद्दार के रूप में जाना जाता है। यह बदनामी क्यों सहनी। आपको सम्मान के साथ जीना चाहिए।तृणमूल नेत्री ने कहा कि अगर कोई हमें भी खरीदने की कोशिश करता है तो हम उस पर नजर रखेंगे। इसको लेकर सभी को सावधान किया। मुख्यमंत्री के इस बयान ने न केवल सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर बल्कि राजनीतिक हलकों में भी उत्सुकता जगा दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट नहीं किया कि किसे खरीदने की कोशिश की गई थी। तृणमूल की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। तृणमूल नेताओं के करीबी हलकों में चर्चाओं में कई तरह की व्याख्याएं सामने आ रही हैं। तृणमूल के एक वर्ग का कहना है कि मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जिस तरह से टिप्पणी की, उसमें चिंता का भाव झलक रहा है।

## जम्मू में फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला

### डिप्टी सीएम सुरेंद्र चौधरी घायल, हमलावर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में बुधवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रॉयल पार्क के बाहर एक शादी समारोह के दौरान अचानक फायरिंग की घटना हो गई। इस समारोह में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। घटना के बाद कुछ समय के लिए कार्यक्रम स्थल पर मौजूद मेहमानों और सुरक्षाकर्मियों में दहशत का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों वरिष्ठ नेता ग्रेटर कैलाश स्थित रॉयल पार्क में वरिष्ठ वकील की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने अचानक फायरिंग कर दी, जिससे कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत स्थिति संभालते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर हटाया।

## दिल्ली में पत्नी से अवैध संबंध के शक में ममेरे भाई की गोली मारकर हत्या

**पश्चिमी दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति ने अपने ममेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार रात की है। घटना के बाद आरोपित ने खुद पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर 32 वर्षीय गोविंद को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार गोविंद मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले का रहने वाला है और मुंडका के टिकरी कलां गांव में अपनी पत्नी के साथ रहता था। कुछ समय पहले उसका ममेरा भाई कुंदन भी आकर उसके साथ रहने लगा था। दोनों पास की फैक्ट्रियों में काम करते थे।पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोविंद को शक था कि कुंदन के उसकी पत्नी से अवैध संबंध हैं। वह अक्सर दोनों को आपस में बातचीत करते देखता था, जिससे उसके मन में संदेह और गहरा हो गया।

# गैस संकट से वैशाली में हाहाकार, शादी-ब्याह वाले परेशान, एसडीपीओ ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**सहदेई बुजुर्ग, 12 मार्च [एजेंसी]।**

सहदेई बुजुर्ग प्रखंड क्षेत्र में भी रसोई गैस को लेकर चल रही अफवाहों का असर होने लगा है।उपभोक्ता रसोई गैस सिलेंडर के लिए गैस गोदाम पर सुबह से ही लाइन लगा कर खड़े नजर आए।वही एसडीपीओ ने रसोई गैस से सम्बंधित किसी भी शिकायत के लिए नजदीकी थाना को सूचित करने की अपील किया।बताया गया कि गैस की आपूर्ति कम होने के कारण घंटों इंतजार के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा। बुधवार की सुबह प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस लेने के लिए विभिन्न चौक चौराहे पर भीड़ देखी गई।इसके अलावा लोग बाइक एवं साइकिल पर भी रसोई गैस ले जाते रहे।सबसे ज्यादा परेशान शादी ब्याह और श्राद्ध कर्म में भोज पकाने के लिए उपयोग होने वाले गैस को लेकर दिखे।क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रसोई गैस का संकट मंडरा रहा है। गैस को लेकर लोगों में आपाधापी भी मची रही। गैस गोदाम में पर्याप्त गैस होने से अधिकांश लोगों को गैस मिल गई। गैस लेने के लिए रामगंज, नयागंज, मुरौवतपुर, बाजितपुर समेत अन्य जगहों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। गैस के लिए



महिलाएं भी घर का काम छोड़कर सुबह आठ बजे ही गैस गोदाम पहुंच गई थी। गोदाम प्रबंधक ने बताया कि गैस की आपूर्ति कम होने की वजह से इस तरह की परेशानी हो रही है। जिन उपभोक्ताओं ने गैस लेने के लिए बुकिंग की है उन सभी को गैस उपलब्ध कराया जा रहा है। जितना गैस आया है उन सभी को वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही गैस की आपूर्ति सुचारु हो जाएगी। उधर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने या गैस खत्म होने का बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को परेशान करने वाले गैस एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से सतर्क रहने की अपील किया। एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि यदि किसी घरेलू गैस एजेंसी उपभोक्ताओं से उनके नियमित मासिक खपत के लिए तय मूल्य से अधिक पैसा लिया जाता है या फिर गैस खत्म होने की बात कहकर अनावश्यक परेशान की जाती है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर संबंधित एजेंसी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि गैस सिलेंडर लेते समय रसीद अवश्य लें और किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर प्रशासन को जानकारी दें,ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# बच्चों के वाट्सएप अकाउंट को माता-पिता कर सकेंगे कंट्रोल

## सुरक्षा के लिए होंगी सख्त पाबंदियां



**ब्रूसेल्स 12 मार्च [एजेंसी]।**

वाट्सएप एक नए फीचर पैरेंटल कंट्रोल सिस्टम पर काम कर रहा है, जिससे माता-पिता अपने बच्चों के लिए सेकेंडरी वाट्सएप अकाउंट बना सकेंगे। इसमें सुरक्षा के लिए सख्त पाबंदियां होंगी, जिसे अभिभावक अपने फोन से कंट्रोल कर पाएंगे।बच्चे का अकाउंट अभिभावक के प्राइमरी अकाउंट से क्यूआर कोड के जरिए लिंक होगा, जिससे वे अपने अनुसार मैनेज कर सकेंगे।आज के समय में बच्चे कम उम्र में ही स्मार्टफोन और मैसेजिंग एप्स इस्तेमाल करने लगते हैं। इसी को देखते हुए वाट्सएप 18 साल से कम उम्र के यूजर्स के लिए रेस्ट्रिक्टेड अकाउंट्स पर काम कर रहा है, इससे बच्चों की प्राइवेसी बनी रहेगी, माता-पिता को जरूरी गतिविधियों की जानकारी मिल सकेगी और गलत या अनजान कंटेंट से सुरक्षा मिल पाएगी।इस नए सिस्टम में माता-पिता को एक 6-डिजिट का प्राइमरी पिन सेट करना होगा। जब भी बच्चे के अकाउंट में कोई बड़ा बदलाव करना होगा, तो इसी पिन की जरूरत पड़ेगी।सेटअप के दौरान, माता-पिता को अपने फोन से बच्चे के डिवाइस का क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। इसके बाद बच्चा अपनी मर्जी से सेटिंग्स नहीं बदल पाएगा और अकाउंट पूरी तरह से माता-पिता के निगरानी में रहेगा।इतना ही नहीं व्हाट्सएप ने सुरक्षा को अगले लेवल पर ले जाने के लिए सेकेंडरी अकाउंट्स में कुछ और फीचर्स को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है।नो अपडेट्स टैब- इस नए फीचर में बच्चों को चैनल्स या ब्राडकास्ट कंटेंट नहीं दिखेगा, जिससे वे किसी अंजान या अनुपयुक्त जानकारी के संपर्क में न आएं।

## सुप्रीम कोर्ट ने सिन्हा लाइब्रेरी के अधिग्रहण वाले बिहार सरकार के कानून को किया रद, पीठ ने कही ये बात

**नई दिल्ली 12 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के उस कानून को रद कर दिया है, जिसके तहत राज्य सरकार को पटना के ऐतिहासिक लाइब्रेरी का अधिग्रहण करने की अनुमति दी गई थी।कोर्ट ने कहा कि अधिग्रहण के लिए सांकेतिक मुआवजे के तौर पर एक रुपये का प्रविधान दिखावटी है और इसमें निष्पक्षता के बुनियादी गुण नहीं हैं। पटना हाई कोर्ट के 2024 के उस आदेश को रद करते हुए, जिसमें पहले राज्य सरकार के अधिग्रहण को सही ठहराया गया था, जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने कहा, श्रीमती राधिका सिन्हा संस्थान और सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी (अधिग्रहण एवं प्रबंधन) अधिनियम, 2015 को असंवैधानिक घोषित किया जाता है और तदनुसार इसे रद किया जाता है। पीठ ने निर्देश दिया कि लाइब्रेरी का प्रबंधन और प्रशासन मूल ट्रस्ट को वापस सौंप दिया जाए। पटना में स्थित यह इमारत आमतौर पर सिन्हा लाइब्रेरी के नाम से जानी जाती है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से ट्रस्ट या उसके न्यासियों को कुप्रबंधन, वित्तीय अनियमितता, लापरवाही या ट्रस्ट के उद्देश्यों को पूरा करने में विफलता के किसी भी आरोप के संबंध में कोई पत्र नहीं भेजा गया था।

# 167 करोड़ खर्च, फिर भी इलाज के लिए बाहर जाने को मजबूर मरीज

## विधानसभा में गूंजा धनबाद का मुद्दा

**झरिया, 12 मार्च [एजेंसी]।**

झरिया विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल परिसर में बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के वर्षों से बंद पड़े रहने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि लगभग 167 करोड़ रुपये की लागत से बना यह अत्याधुनिक अस्पताल आज भी शुरू नहीं हो सका। जिससे यह महज एक शोपीस बनकर रह गया है। विधायक ने सदन को बताया कि वर्ष 2016 में केंद्र सरकार की योजना के तहत धनबाद में 200 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया गया था। इस अस्पताल में 160 जनरल बेड व 40 आईसीयू बेड के साथ-साथ आठ मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और रेडियोलॉजी व पैथोलॉजी जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं भी स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार करीब 87 करोड़ रुपये आधुनिक मशीनों और उपकरणों की खरीद पर और लगभग 80 करोड़ रुपये भवन निर्माण पर खर्च किए गए हैं। इसके बावजूद अस्पताल का संचालन अब तक शुरू नहीं होना स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी विफलता को दर्शाता है। रागिनी सिंह ने कहा कि धनबाद और पूरे कोयलांचल क्षेत्र के लाखों लोगों को आज भी कैंसर, हृदय रोग और न्यूरो जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रांची और कोलकाता जाना पड़ता है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है और कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से जान तक चली जाती है। विधायक ने सरकार से सवाल किया कि जब अस्पताल पूरी तरह तैयार है तो इसे चालू करने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को जल्द से जल्द चालू करने की स्पष्ट समय-सीमा घोषित की जाए। कैंसर, कार्डियक और न्यूरो सेवाएं शुरू की जाएं। देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाए।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के कारण आपस में भिड़े चार वाहन, 10 लोग घायल

**आगरा, 12 मार्च [एजेंसी]।**



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर औरास क्षेत्र के लोधीटीकुर गांव के पास बुधवार सुबह लगभग तड़के घना कोहरा होने से ट्रेलर व स्लीपर बस समेत चार वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में बस के 10 यात्री घायल हो गए। झपकी आने से ट्रेलर के अनियंत्रित हो डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जाने व दृश्यता बेहद कम होने से ट्रॉला, स्लीपर बस और लोडर पीछे से टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉला के पीछे के चार टायर निकल सड़क पर गिर गए। घायलों में चार को औरास सीएचसी से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। आधा घंटे तक लखनऊ से आगरा जाने वाले लेन पर ओवरटेकिंग और कार लेन पर आवागमन बंद रहा। राजस्थान निवासी ट्रेलर चालक नारायण ट्रेलर से फार्च्यून तेल लेकर राजस्थान से बिहार जा रहा था। बुधवार तड़के लगभग 5.45 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर औरास क्षेत्र के लोधीटीकुर गांव के पास चालक नारायण को झपकी आ गई। लगभग 80 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से लखनऊ की ओर फार्च्यून तेल लेकर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर की जाली तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया। ट्रेलर के दूसरी लेन में जाते ही बुधवार सुबह घना कोहरा होने से लखनऊ से आगरा की ओर लोहे के एंगल लेकर जा रहा 18 चक्का ट्रॉला ट्रेलर में घुसकर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रॉला की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर होते ही ट्रॉला के पिछले ओर के चार टायर रिम समेत निकल गए। इसी बीच कन्नौज के विष्णुगढ़ क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी स्लीपर बस चालक सदानंद कोहरा अधिक होने से बस लेकर इन वाहनों में पीछे से टकरा गया। बस की रफ्तार लगभग 80 किमी प्रति घंटा थी। बस पटना से दिल्ली जा रही थी। इसी के बाद फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के उमर खेड़ा निवासी मंजेश का लोडर भी इन्हीं वाहनों में घुस गया।हादसे में बस में बैठे 70 यात्रियों में 10 घायल हो गए। चार को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

अन्य छह यात्रियों को सीएचसी में इलाज के बाद छुट्टी दे गई। 10 मिनट बाद पहुंची यूपीडा टीम समेत औरास एसओ संजीव कुशवाहा बांगरमऊ कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय मौके पर पहुंचे और कोहरा में अन्य वाहन इन वाहनों से न टकराए इसके लिए तुरंत क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेसवे के किनारे कराया।आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह घना कोहरा हादसे की बड़ी वजह बना। औरास क्षेत्र के लोधीटीकुर गांव के पास दृश्यता लगभग 20 मीटर तक सिमट गई थी। ऐसे में तेज रफ्तार से आ रहे वाहन चालकों को आगे खड़े या क्षतिग्रस्त वाहनों का अंदाजा नहीं लग सका।यही कारण रहा कि एक के बाद एक चार वाहन आपस में भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोहरा इतना घना था कि पास खड़ा व्यक्ति भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे चालक समय रहते ब्रेक नहीं लगा सके।ट्रेलर और ट्रॉला की टक्कर के कुछ ही क्षण बाद पटना से दिल्ली जा रही स्लीपर बस भी कोहरे के कारण समय रहते रुक नहीं सकी और दोनों वाहनों से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रहा लोडर भी इनमें जा घुसा। जिस समय हादसा हुआ बस में अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे।बस के टकराते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के वाहन चालकों ने तुरंत पुलिस और यूपीडा को सूचना दी। पुलिस ने सभी यात्रियों को शांत करा घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# सिंगरौली में नाबालिग की हत्या पर भड़का जनाक्रोश थाने पर हमला, पेट्रोल बम फेंके, कार फूंकी



**जबलपुर, 12 मार्च [एजेंसी]।**

सिंगरौली जिले में 15 वर्षीय किशोर की निर्मम हत्या के बाद बुधवार रात माहौल हिंसक हो गया। आक्रोशित भीड़ ने मोरवा थाने पर हमला करते हुए जमकर पत्थरबाजी की और पुलिस वाहनों को निशाना बनाया।

हालात काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान कुछ उपद्रवियों ने पेट्रोल बम भी फेंके। घटना के दौरान रात करीब 10 बजे गुस्साई भीड़ ने पंकज गुप्ता के घर के बाहर खड़ी एक कार में आग लगा दी। पुलिस अब उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इस मामले में हत्या के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार साईनगर निवासी 15 वर्षीय पवन शाह को उसके ही परिचित सुधांशु गुप्ता और इरशाद खान शराब पिलाने के बहाने सुनसान स्थान पर ले गए। वहां गला दबाकर और पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पवन नौ मार्च से लापता था। बुधवार को उसका क्षत-विक्षत शव एक सूने घर में मिला, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश फैल गया। जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने हत्या के बाद शव को काली प्लास्टिक की पन्नी में लपेटकर छिपा दिया था।

उनका इरादा रात के अंधेरे में शव को जंगल में ले जाकर जला देने का था, ताकि वारदात का कोई सुराग न मिले। हालांकि इससे पहले ही पुलिस को शव मिल गया और साजिश का खुलासा हो गया।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि होली के दिन पवन का इरशाद, सुधांशु और पंकज से रंग लगाने को लेकर विवाद हुआ था। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया था, लेकिन आरोपितों के मन में रंजिश बनी रही। इसी के चलते उन्होंने पवन को पार्टी के बहाने बुलाया और मौका पाकर उसकी हत्या कर दी। हालांकि मृतक के परिजनों का दावा है कि विवाद रंग लगाने को लेकर नहीं, बल्कि होली के दिन मोहल्ले में अवैध शराब बिक्री को लेकर हुआ था। परिजनों का आरोप है कि इरशाद एक अवैध शराब दुकान में काम करता था और उसी बात पर कहासुनी के बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया।पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

# होटल, रेस्टोरेंट और बरातघरों को नहीं मिलेंगे कमर्शियल सिलेंडर, पिथौरागढ़ में 150 होटल बंद होने के कगार पर



**पिथौरागढ़, 12 मार्च [एजेंसी]।**

पिथौरागढ़। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अब कामर्शियल सिलेंडर नहीं मिलेंगे। इस पर रोक लगा दी गई है। सिर्फ अस्पताल और शिक्षण संस्थानों को ही कामर्शियल सिलेंडर दिये जायेंगे।सिलेंडरों पर रोक लगने से 150 से अधिक होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। जिले में रसोई गैस का फिलहाल कोई संकट नहीं है, लोगों को सिलेंडर आसानी से मिल रहे हैं। जिले भर में 150 से अधिक होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे संचालित हो रहे हैं।भोजन, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करने के लिए संचालक कामर्शियल सिलेंडर का उपयोग करते हैं। नगर में संचालित होने वाले डेढ़ दर्जन बड़े रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों में चार से पांच दिन में एक कामर्शियल सिलेंडर खत्म हो जाता है। इसी तरह चाऊमीन आदि बनाने वाले होटलों में भी सिलेंडर की खासी खपत होती है। कामर्शियल सिलेंडरों पर रोक से अब इनके लिए कारोबार जारी रखना मुश्किल हो गया है। नगर में रेस्टोरेंट चलाने वाले दिनेश जोशी, राजकुमार आदि ने बताया कि उनके होटल, रेस्टोरेंट में आठ से दस का स्टाफ है, जिनका खर्च कारोबार से निकलता है। कामर्शियल सिलेंडर नहीं मिले तो उन्हें अपना कारोबार बंद करना पड़ेगा, इसका असर स्टाफ पर भी पड़ेगा। सिलेंडर के अभाव में फिलहाल कोई होटल, रेस्टोरेंट बंद नहीं हुआ है। इधर मंगलवार को जिला मुख्यालय में कुकिंग गैस के चार वाहन पहुंचे। गैस का वितरण सामान्य ढंग से हुआ।

# यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा करने के लिए अपनाएं ये हैक्स

यात्रा करना एक रोमांचक अनुभव है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी आती हैं, खासकर जब बात सुरक्षा की हो। चाहे आप कहीं भी जाएं, अपने सामान की सुरक्षा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताएंगे, जिनसे आपकी यात्रा और भी सुरक्षित हो सकती है। इन हैक्स को अपनाकर आप अपने सामान को चोरी होने से बचा सकते हैं और यात्रा का आनंद ले सकते हैं।

सामान को सुरक्षित रखें

यात्रा करते समय अपने सामान को सुरक्षित रखना सबसे जरूरी है। इसके लिए आप अपने बैग पर एक छोटा ताला लगा सकते हैं या फिर लॉक करने वाले बैग का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका सामान चोरी होने की संभावना कम होती है और आप बेफिक्र होकर यात्रा का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा जब आप किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जाएं तो अपने बैग को हमेशा अपनी नजरों के सामने रखें।

जरूरी कागजात की कॉपी रखें

यात्रा के दौरान अपने जरूरी कागजात की कॉपी रखना बहुत जरूरी है। इसमें आपका पासपोर्ट, वीजा, टिकट और अन्य जरूरी कागजात शामिल हो सकते हैं। इनकी कॉपी रखने से अगर आपका मूल कागज खो जाता है या चोरी हो जाता है तो आप आसानी से नई कॉपी हासिल कर सकते हैं।



इसके अलावा इन कागजात की डिजिटल कॉपी भी अपने फोन या टैबलेट में रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें तुरंत देख सकें।

पैसे अलग-अलग जगह रखें

यात्रा के दौरान हमेशा कुछ नकद पैसे अलग-अलग जगहों पर रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका इस्तेमाल कर सकें। उदाहरण के लिए अपने पर्स के अलावा अपनी जेब, बैग के अंदरूनी हिस्से या फिर किसी छोटे डिब्बे में भी पैसे रखें। इससे अगर आपका पर्स चोरी हो जाए तो भी आपके पास पैसे होंगे, जिनका इस्तेमाल आप कर सकते हैं। इसके अलावा आप क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

मोबाइल का ध्यान रखें

आजकल मोबाइल हर किसी के लिए जरूरी हो गया है, इसलिए इसे सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। यात्रा करते समय अपने मोबाइल को हमेशा अपनी नजरों के सामने रखें और किसी भी सार्वजनिक स्थान पर उसे अकेला न छोड़ें। अगर संभव हो तो एक छोटा पाउच या केस रखें, जिसमें आपका मोबाइल सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा अगर आपका मोबाइल खो जाए या चोरी हो जाए तो उसकी लोकेशन ट्रैक करने वाली ऐप का इस्तेमाल करें।

स्थानीय लोगों से जानकारी लें

यात्रा करते समय स्थानीय लोगों से जानकारी लेना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि वे उस जगह के बारे में बेहतर जानते हैं। वे आपको बताएंगे कि किन जगहों पर जाना सुरक्षित है और किन जगहों पर नहीं जाना चाहिए। इसके अलावा वे आपको अच्छे खाने के स्थान और बाजार आदि की जानकारी देंगे। जिससे आपकी यात्रा और भी मजेदार बनेगी। इन सरल, लेकिन प्रभावी हैक्स को अपनाकर आप अपनी अगली यात्रा को सुरक्षित और आनंदमयी बना सकते हैं।

## सितारे जमीन पर ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार, सोनी लिव पर होगा प्रीमियर

आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। काफी लंबे इंतजार के बाद निर्माताओं ने आखिरकार इसे ओटीटी पर उपलब्ध कराने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। सितारे जमीन पर, 2007 में आई सुपरहिट फिल्म तारे जमीन पर की दूसरी किस्त है। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा, आशीष पेंडसे, अरूश दत्ता, आयुष भंसाली, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन और नमन मिश्रा जैसे सितारे भी मौजूद हैं। करीब 9 महीने के लंबे इंतजार के बाद, आमिर की सितारे जमीन पर सोनी लिव पर दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, टिंगू बास्केटबॉल कोच, 10 तूफानी सितारे और उनकी यात्रा। देखें सितारे जमीन पर, सबका अपना अपना नॉर्मल है, जल्द ही सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग। बता दें, फिल्म के पहले भाग तारे जमीन पर को नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर देखा जा सकता है। आर.एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित सितारे जमीन पर गुलशन अरोरा (आमिर) की कहानी है जो बास्केटबॉल कोच है। नशे में आकर ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने के चलते उसे सामुदायिक सेवा की सजा सुनाई जाती है। यहीं से गुलशन की जिंदगी बदल जाती है, क्योंकि उसकी जिंदगी में 10 दिव्यांग बच्चे आते हैं जिन्हें बास्केटबॉल सिखाने की जिम्मेदारी उसे मिलती है। इस फिल्म ने दुनियाभर के सिनेमाघरों में करीब 267 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।





## टीवी के बाद अब ओटीटी पर जादू बिखेरेंगी रूप दुर्गापाल, प्रकाश झा की सीरीज संकल्प से करेंगी डेब्यू

स्वरागिनी, कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, और बालवीर जैसे कई धारावाहिकों में काम कर घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री रूप दुर्गापाल अब ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री जल्द ही आगामी वेब सीरीज संकल्प में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे अभिनेता मोहम्मद जीशान अय्यूब की पत्नी माधुरी के किरदार में हैं। रूप ने अपने को-स्टार जीशान के अभिनय की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जीशान बहुत ही शानदार अभिनेता है। एनएसडी से पढ़ाई करने और फिल्मों-वेब सीरीज में इतना अनुभव होने के कारण उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सीन्स को देखने का नजरिया, भाषा पर अच्छी पकड़ और एनर्जी ने मेरे साथ के सीन को बेहतर बनाया। मैं हर दिन सेट पर उनके आने का इंतजार करती थी।

अभिनेत्री ने आगे सीरीज की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि शानदार कलाकारों के साथ काम करना ही उन्हें इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए उत्साहित कर रहा था। अभिनेत्री ने कहा, जब सबके पास अच्छा काम होता है, तो सेट पर और बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नाना पाटेकर सर और प्रकाश सर के साथ काम करना एक्टिंग, फिल्म बनाने और जिंदगी के कई पहलुओं को समझने जैसा था। मेघना मलिक से भी बहुत कुछ सीखा। हम लंच और डिनर के दौरान भी खूब बातें करते थे। वे न सिर्फ बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी हैं। उन्होंने आगे बताया कि सीरीज के लिए उन्हें ऑफर कैसे मिला था। उन्होंने बताया, साल 2019 तक मैंने टेलीविजन से आगे जाने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था, लेकिन कोविड के दौरान सब कुछ बदल गया। लोगों को जाते देखकर मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी बहुत छोटी है। कुछ भी कहा नहीं जा सकता। तब मैंने फैसला लिया कि अब उन चीजों को आजमाना है जिनसे पहले डर लगता था।उत्तराखंड के अल्मोड़ा की रहने वाली अभिनेत्री रूप ने सिल्वर स्क्रीन पर परफॉर्म करने के अलावा, थिएटर में भी काम किया, जो उनके लिए नया था। उन्होंने थिएटर को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया, बिना कट, रीटेक के, महीनों रिहर्सल करके स्टेज पर परफॉर्म करना काफी अजीब था, लेकिन जिंदगी की अनिश्चितता ने मुझे हिम्मत दी। स्टेज पर खड़े होकर बिना किसी डर के परफॉर्म करना शानदार अनुभव था। इसी हिम्मत ने मुझे टीवी से आगे बढ़कर वेब सीरीज में आने की ताकत दी। अभिनेत्री का मानना है कि हर किसी का सफर अलग होता है और सब कुछ अपने सही समय पर ही होता है। उन्होंने कहा, शायद मेरा सफर ऐसा ही होना था। सालों की संख्या मायने नहीं रखती। मैं बहुत खुश हूं कि यह सब अपने आप हुआ। सीरीज का निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। रूप ने निर्देशक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, प्रकाश सर के साथ काम करना किसी बड़े संस्थान में पढ़ाई करने जैसा था।

## भावना अजवानी ने मोस्ट पॉपुलर शो अनुपमा को कहा अलविदा

स्टार प्लस का मोस्ट पॉपुलर शो अनुपमा अपने ड्रामाटिक ट्विस्ट और इमोशनल स्टोरीलाइन से दर्शकों को बांधे हुए है। शो के मेकर्स ने हाल ही में एक नया प्रोमो रिलीज किया है, जिसमें आने वाले एपिसोड में एक बड़े डेवलपमेंट के बारे में बताया गया है। प्रोमो में दिखाया गया है कि शो जल्द ही एक साल का लीप लेगा, जिससे कहानी में एक नया फेज आएगा। प्रथाना की अचानक मौत के बाद, अनुपमा गोवा में एक नया सफर शुरू करेगी। यह लीप कहानी में एक टर्निंग पॉइंट लाएगा क्योंकि सेंट्रल कैरेक्टर एक मुश्किल दौर का सामना करने के बाद जिंदगी में आगे बढ़ता है। नई सेटिंग और ट्रैक से कहानी में नए डेवलपमेंट आने की उम्मीद है। आने वाले लीप से शो की कास्ट में भी बदलाव आएगा। कहानी आगे बढ़ने पर एक कैरेक्टर की जगह कोई और ले लेगा। प्रेरणा, जिसे पहले भावना अजवानी ने निभाया था। वह शो से बाहर हो जाएगी।

प्रेरणा का कैरेक्टर दिसंबर 2025 में अनुपमा में आया और जल्द ही स्टोरीलाइन का एक अहम हिस्सा बन गया। उनके रोल को एक नए कैरेक्टर के तौर पर इंट्रोड्यूस किया गया, जिसने प्रेम और राही के बीच टेंशन पैदा की। शो में प्रेरणा को विलेन के किरदार में दिखाया गया था। उसकी मौजूदगी ने प्रेम और राही के रिश्ते में मुश्किलें बढ़ा दी थीं, जिसे कहानी में नया मोड़ देखे को मिला था। मार्च 2026 की स्टोरीलाइन में दिखाया गया कि प्रेरणा प्रेम से प्यार करने लगती है, जिसे प्रेम और राही की शादीशुदा जिंदगी में हलचल मच जाती है।

आने वाले एक साल के लीप और कास्ट में बदलाव के साथ मेकर्स अनुपमा की कहानी को एक नई दिशा में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। गोवा में शिफ्ट होने और नए डेवलपमेंट की शुरुआत से आगे के एपिसोड में नए ट्विस्ट आने की उम्मीद है। बता दें कि प्रेरणा का किरदार पहले भावना अजवानी ने निभाया था।



# गर्मियों में वजन घटाने में मदद कर सकते हैं ये 5 तरह के सलाद, जानिए रेसिपी

गर्मियों में बढ़ते वजन को कम करने के लिए खान-पान का खास ख्याल रखना जरूरी है। इसके लिए खान-पान में पोषक तत्वों से भरपूर और कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करना फायदेमंद हो सकता है। इस दौरान सलाद का सेवन करना भी एक अच्छा विकल्प है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे सलाद की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन गर्मियों में वजन घटाने के साथ-साथ ताजगी प्रदान करने में मदद कर सकता है।

खीरे और पुदीने का सलाद

सबसे पहले खीरे को धोकर छील लें, फिर इसे पतले-पतले टुकड़ों में काट लें। अब एक कटोरे में खीरे के साथ बारीक कटी हुई पुदीने की पत्तियां, स्वादानुसार काला नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस सलाद को ठंडा करने के लिए फ्रिज में रखें और जब ये ठंडा हो जाए तो इसका सेवन करें। यह सलाद आपके शरीर को ताजगी और ठंडक देता है।

ककड़ी का सलाद

सबसे पहले ककड़ी को पतले-पतले टुकड़ों में काटें, फिर इसे एक कटोरे में बारीक कटी हुई पुदीने की पत्तियों, स्वादानुसार काला नमक और नींबू का रस मिलाकर खा सकते हैं। आप चाहें तो इसमें थोड़ी सी कटी हुई हरी मिर्च और अदरक भी मिला सकते हैं। यह सलाद न केवल ताजगी प्रदान कर सकता है, बल्कि आपके शरीर को हाइड्रेट रखने में भी मदद कर सकता है।



खीरे और अनानास का सलाद

सबसे पहले एक कटोरे में बारीक कटी हुई खीरे, अनानास के टुकड़े, बारीक कटा हुआ पुदीने का पत्ता, स्वादानुसार काला नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण में थोड़ा दही डालकर अच्छे से मिलाएं और अंत में ऊपर से कटा हुआ पिस्ता डालकर इसे ठंडा करने के लिए फ्रिज में रखें। जब यह ठंडा हो जाए तो इसका सेवन करें। यह सलाद आपके स्वाद को बढ़ाने के साथ-साथ पोषण भी देता है।

ककड़ी और अनार का सलाद

सबसे पहले एक कटोरे में बारीक कटी हुई ककड़ी, अनार के दाने, बारीक कटा हुआ पुदीने का पत्ता, स्वादानुसार काला नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण में थोड़ा दही डालकर अच्छे से मिलाएं और अंत में ऊपर से कटा हुआ पिस्ता या बादाम डालकर इसे ठंडा करने के लिए फ्रिज में रखें। जब यह ठंडा हो जाए तो इसका सेवन करें। यह सलाद स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है।

चना और पुदीने का सलाद

सबसे पहले चने को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें, फिर अगली सुबह इसे छानकर उबाल लें। अब एक कटोरे में उबले हुए चने, बारीक कटी हुई पुदीने की पत्तियां, बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और खीरे डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इसमें स्वादानुसार काला नमक, भुना जीरा पाउडर और नींबू का रस मिलाएं। अंत में ऊपर से अनार के दाने डालकर सलाद को परोसें। यह सलाद स्वाद और सेहत का अच्छा मेल है।

## शब्द सामर्थ्य -339

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक्क, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सु | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू- दोकू क्र.339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# स्कूल के पास जहर उगलता अवैध ईंट भट्ठा

## धुआँ-धूल व जहरीली गैस से बच्चों और ग्रामीणों की सेहत पर खतरा

**कोरिया चरचा कॉलरी।** कोरिया जिले के ग्राम पंचायत सरडी के वार्ड क्रमांक 6 बांधपारा में कुछ रसूखदार लोगों द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के अवैध ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस भट्ठे में लाखों की संख्या में ईंटें बनाकर लगातार जलाया जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह भट्ठा शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय माध्यमिक शाला से महज 15-20 फीट की दूरी पर संचालित हो रहा है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में मासूम बच्चे पढ़ने आते हैं।

भट्ठे से निकलने वाला धुआँ, धूल, राख और अन्य जहरीली गैसें सीधे स्कूल परिसर और आसपास के आवासीय क्षेत्र में फैल रही हैं। जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की पूरी आशंका है वर्तमान में गर्मी का मौसम होने के कारण भट्ठे की तेज गर्मी और धुएँ से बच्चों तथा ग्रामीणों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यह भट्ठा जानबूझकर बस्ती के बीचों-बीच लगाया गया है और इसके चारों ओर आवासीय मकान स्थित हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रदूषण का असर साफ महसूस किया जा रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि भट्ठे में जलाने के लिए कोलरी से निकाले गए चोरी के कोयले का उपयोग किया जा रहा है। उसी कोयले को जलाकर ईंटों को पकाया जा रहा है, जिससे भारी मात्रा में धुआँ और प्रदूषण फैल रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार बांधपारा और आसपास के पूरे क्षेत्र में काफी संख्या में ईंट भट्ठा वैधानिक अनुमति के साथ संचालित नहीं है। इसके बावजूद कुछ लोग बिना अनुमति के खुलेआम ईंट भट्ठा चलाकर लाखों ईंटें तैयार कर रहे हैं।खनिज विभाग और संबंधित प्रशासनिक अमले द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ गया है और वे लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। गौरतलब है कि ईंट भट्ठा संचालित करने के लिए खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। साथ ही आबादी और शैक्षणिक संस्थानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखना भी जरूरी है।इसके बावजूद



जिला मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय व जिला खनिज अधिकारी कार्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर इस प्रकार का अवैध संचालन प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है यह सोच का विषय है कि स्कूल के इतने करीब अवैध भट्ठा कैसे संचालित हो रहा है, जब पूरे क्षेत्र में एक भी वैध भट्ठा नहीं है तो यह संचालन किसके संरक्षण में हो रहा है?क्या बच्चों के

- ➪ कलेक्टर और खनिज कार्यालय से महज 5 किमी दूर चल रहा अवैध कारोबार
- ➪ प्रशासनिक कार्यशैली पर उठते सवालिया प्रश्न
- ➪ प्राथमिक व माध्यमिक शाला से मात्र 15-20 फीट दूरी पर प्रदूषण
- ➪ बस्ती के बीच धधक रहा अवैध भट्ठा

स्वास्थ्य से बड़ा है अवैध कारोबार? नियमों के अनुसार बस्ती और स्कूलों के नजदीक इस प्रकार के भक्तों का संचालन प्रतिबंधित माना जाता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों के स्वास्थ्य और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस अवैध ईंट भट्ठे की तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण और अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके।

**चरचा पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# देर रात कोयला चोरी कर रहे पिकअप वाहन सहित चालक गिरफ्तार

**कोरिया।** कोरिया जिले के चर्चा थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में चर्चा थाना के नवपदस्थ थाना प्रभारी आनंद सोनी एवं थाना स्टाफ ने देर रात कोयला चोरी कर परिवहन करने वाले एक पिकअप वाहन को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात एसईसीएल चर्चा माइंस सीएचपी परिसर से कुछ लोगों द्वारा कोयला निकालकर पिकअप वाहन में भरने की सूचना बैकुंठपुर क्षेत्र के विभागीय सुरक्षा कर्मी तिलक राजवाड़े तथा चर्चा थाना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई।पुलिस की गाड़ी को देखते ही पिकअप चालक राजेश कुमार राजवाड़े अपने महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक CG 16 /CQ /1685 को लेकर भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि भागने के दौरान वाहन सड़क किनारे बनी गहरी नाली में फंस गया, जिससे चालक भागने में सफल नहीं हो सका।इसके बाद चर्चा पुलिस ने कोयला लोड पिकअप वाहन को जब्त कर थाना लाया। एसईसीएल प्रबंधन की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। जहां माननीय न्यायालय के द्वारा



आरोपी ड्राइवर को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि चर्चा कॉलरी क्षेत्र में लंबे समय से कोयला चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिन्हें कथित रूप से कुछ स्थानीय व समीप के छोटे स्तर के तथाकथित नेताओं का संरक्षण भी मिलता रहा है।हालांकि पिछले कुछ समय से चर्चा थाना पुलिस द्वारा कोयला माफियाओं के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस मुहिम के तहत अब तक लगभग 40 लाख रुपये मूल्य के वाहनों को जब्त किया जा चुका है। थाना प्रभारी आनंद सोनी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि चर्चा थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला परिवहन और चोरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।साथ ही उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## मोहम्मद अकरम मंसूरी बनाये गये ब्लॉक उपाध्यक्ष



**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की सहमति और भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो की अनुशंसा पर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस संगठन में नई नियुक्ति की गई है। इसके तहत मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के ग्राम चैनपुर के निर्विरोध पंच मोहम्मद अकरम मंसूरी को ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश पटेल द्वारा की गई। मोहम्मद अकरम मंसूरी पिछले कई वर्षों से ग्राम चैनपुर में पंच के रूप में सक्रिय रहकर क्षेत्र की जनसमस्याओं को उठाते रहे हैं। वे कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों, आंदोलनों और सामाजिक गतिविधियों में अपने समर्थकों के साथ सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर उन्हें पूर्व विधायक गुलाब कमरो का समर्थक माना जाता है और वे वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन के भी करीबी सहयोगी माने जाते हैं। बताया जाता है कि अकरम मंसूरी लगातार ग्राम चैनपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर पार्टी नेतृत्व को अवगत कराते रहे हैं।

## कौशल विकास से सशक्त होंगे महिला और युवा, विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखते हुए आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में वक्ताओं ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्किलिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है।

सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिलने पर वक्ताओं ने इसे अपने लिए सम्मान और गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को नई तकनीकों, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ना जरूरी है। यदि युवाओं को सही दिशा और प्रशिक्षण दिया जाए तो वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा और कौशल से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार, समाज और देश भी मजबूत होगा। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। इससे युवाओं की प्रतिभा को सही मंच मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि कौशल विकास को बढ़ावा देकर महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके।

## 13 मार्च को किसानों के खाते में आएगी पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त



**मनेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (PM-KISAN) के तहत जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के पात्र किसानों के लिए हर्ष का विषय है कि योजना की 22वीं किस्त आगामी 13 मार्च 2026 को जारी की जाएगी। उप-संचालक कृषि, जिला MCB ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से शाम 5:00 बजे देश भर के करोड़ों किसानों के खातों में डीबीटी (DBT) के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। जिले के करीब 28,145 पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे 2,000 की किस्त जमा की जाएगी। जिले के लिए कुल 5.65 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। भारत सरकार के निर्देशानुसार इस अवसर को जिले में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर 'फार्मर्स मीट' (किसान गोष्ठी) का आयोजन किया जाएगा, जहाँ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उप-संचालक कृषि ने जिले के सभी लाभार्थी किसानों से आग्रह किया है कि वे निम्नलिखित कार्यों को तत्काल पूर्ण कर लें ताकि किस्त मिलने में कोई तकनीकी बाधा न आए: ई-केवाईसी: जिन किसानों का केवाईसी लंबित है, वे इसे तुरंत पूरा करें। आधार सीडिंग: अपने बैंक खाते को आधार से लिंक और डीबीटी इनेबल कराएं। फार्मर आईडी : एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपनी फार्मर आईडी बनवाएं। किसान इन कार्यों के लिए अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र, किसान चॉइस सेंटर या विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। विभाग का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र किसान तकनीकी कारणों से इस लाभ से वंचित न रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त हुई पुलिस

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को भगत सिंह चौक पर सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 28 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई। इस अभियान की शुरुआत सोमवार को पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देश पर की गई थी। उन्होंने स्वयं पुलिस टीम के साथ शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों का पैदल निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया था तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी और झगराखांड थाना प्रभारी रामनयन गुप्ता अपनी-अपनी टीमों के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे। मंगलवार को सिटी कोतवाली प्रभारी दीपेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भगत सिंह चौक पर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान बिना नंबर प्लेट के चल रहे वाहनों को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ऑनलाइन चालान किया गया साथ ही सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ भी कार्यवाही करते हुए चालान काटे गये।

# भूमि अधिग्रहण में हो रही देरी से लटकी बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना, क्षेत्रवासियों में नाराजगी

**चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना, पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य ने प्रधानमंत्री से की हस्तक्षेप की मांग**

**मनेन्द्रगढ़।** बहुप्रतीक्षित और क्षेत्र के विकास के लिये महत्वपूर्ण मानी जा रही चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना में लगातार हो रही देरी को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र भेजकर अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया को अविलंब प्रारंभ कराने की मांग की है।

अधिवक्ता पटेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस परियोजना से संबंधित प्रारंभिक नोटिफिकेशन भारत के राजपत्र में 8 मई 2025 को और भूमि अधिग्रहण से संबंधित अंतिम नोटिफिकेशन 27 अगस्त 2025 को प्रकाशित हो चुका है। इसके बाद भूमि स्वामियों को दिये जाने वाले मुआवजे में 50 प्रतिशत की वृद्धि भी कर दी गई थी वहीं लोक सूचना की निर्धारित अवधि भी 2 फरवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद अभी तक भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।



उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण और जीवनदायिनी मानी जा रही है। इसका भूमि पूजन वर्ष 2018 में हो चुका था और उस समय इसे दो वर्षों में पूर्ण करने की सार्वजनिक घोषणा भी की गई थी। परियोजना के लिये लगभग 241.50 करोड़ रुपयों का पूरा फंड पहले ही जारी किया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद काम शुरू नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ता पटेल ने बताया कि इस परियोजना की लागत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आधी-आधी वहन की जानी है। केंद्र सरकार द्वारा राशि स्वीकृत किये जाने के बाद 9 फरवरी 2024 को प्रस्तुत बजट में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने भी राज्य का हिस्सा जारी कर दिया था। इसके बाद भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भूमि अधिग्रहण की अंतिम प्रक्रिया मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय में लंबित पड़ी हुई है। उन्होंने प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि जब केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पूरी राशि उपलब्ध है और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी लगभग सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, तब भी भूमि स्वामियों को उनका मुआवजा देने और अधिग्रहण की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है? इस स्थिति से प्रभावित हितग्राहियों और क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने प्रधानमंत्री से इस मामले में सीधा हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा है कि संबंधित भूमि स्वामियों को शीघ्र मुआवजा प्रदान कर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कराई जाये और परियोजना के लिये जल्द से जल्द टेंडर जारी किये जायें ताकि लंबे समय से प्रतीक्षित इस रेल परियोजना का कार्य शुरू हो सके और क्षेत्र के विकास को गति मिल सके। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिये अपने पत्र की प्रतिलिपि कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, बिलासपुर मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल, एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और नोडल अधिकारी अनिल सिदार को भी प्रेषित की है।

## युवाओं को किया जा रहा प्रेरित

**सूरजपुर।** जिला रोजगार कार्यालय सूरजपुर द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती 2026 के पूर्व पंजीयन को लेकर जिले भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**उम्र नहीं, जज्बा बनी पहचान**

## शकुंतला सिंह ने एथलेटिक्स में रचा नया कीर्तिमान



**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** आमतौर पर लोग सेवानिवृत्ति के बाद आराम की जिंदगी चुनते हैं लेकिन मनेन्द्रगढ़ की 72 वर्षीय वरिष्ठ एथलीट शकुंतला सिंह ने इस सोच को बदलकर रख दिया है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर मन में जुनून और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो उम्र कभी भी सपनों के आड़े नहीं आती। अपने दमदार प्रदर्शन से उन्होंने एथलेटिक्स के मैदान में नया इतिहास रचते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। बचपन से ही खेलों के प्रति रुचि रखने वाली शकुंतला सिंह ने नौकरी के दौरान भी खेल गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई और कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किये। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका खेल के प्रति समर्पण कम नहीं हुआ। वे लगातार अभ्यास करती रहीं और खुद को फिट बनाए रखते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती रहीं। 7 दिसम्बर 2025 को हैदराबाद के उस्मानिया यूनिवर्सिटी तरनाका में आयोजित 7वीं सीनियर सिटीजन ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद 13 से 15 फरवरी 2026 तक मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोकुलपुर में आयोजित 45वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य विधा से जुड़ी महिलाओं का सम्मान

**कोरिया बैकुंठपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं, बिहान योजना से जुड़ी महिला कैडर्स व जागरूक माताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सेक्टरों की करीब 19 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पोषण, बच्चों की नियमित उपस्थिति, शालापूर्व शिक्षा, पोषण वाटिका निर्माण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पोषण ट्रैकर ऐप में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कई कार्यकर्ताओं ने 100 प्रतिशत टीएचआर वितरण, पोषण ट्रैकर के सभी इंडिकेटर पूर्ण करने और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने में उल्लेखनीय कार्य किया है। इसके अलावा बिहान योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक एवं



सामाजिक सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 10 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकारिता के पेशे से आने वाली पत्रकार श्रीमती कमरून निशा को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वस्थ बच्चा-जागरूक महतारी श्रेणी में भी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन माताओं ने बच्चों के बेहतर पोषण, आंगनबाड़ी सेवाओं के नियमित उपयोग, रेडी-टू-ईट एवं गरम भोजन के सेवन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेकर स्वस्थ बाल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की मजबूत आधारशिला हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# घंटाघर मार्ग में सड़क के किनारे से हटाए ठेले गुमटी, दावा- इससे हादसे रुकेंगे

## अभियान के दूसरे दिन सरकारी अमले के साथ मौजूद रहा पुलिस बल

**कोरबा।** शहर में आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रशासन और नगर निगम एक्शन मोड पर है। घंटाघर रोड के किनारे काफी संख्या में ठेले गुमटियों को हटाने का काम आज किया गया। लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रभावित लोगों ने कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई और सवाल भी खड़े किए।

नगर निगम उपायुक्त के साथ अतिक्रमण विरोधी स्क्वाड में पुलिस के सहयोग से आज की कार्रवाई को अंजाम दिया। मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज से एसईसीएल हेलीपैड की तरफ जाने वाले मार्ग पर सीमित हिस्से में इस कार्रवाई को किया गया। नगर निगम परिसर के सामने रोड के किनारे लंबे समय से ठेले गुमटियां संचालित थे, जिन्हें यहां से हटाने या जप्त करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई की भनक लगने पर कारोबारी से संबंधित महिलाएं भी यहां पहुंची थी। इसलिए इनसे निपटने के लिए महिला पुलिस को भी डिप्लॉय किया गया। नगर निगम के अधिकारी पवन वर्मा ने बताया कि दरअसल ठेले गुमटियों के सामने हर समय भीड़ भाड़ रहती थी और इसके चक्कर में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए प्लानिंग की गई और इसी के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कहा गया कि अस्थाई दखल हटाने से मौके पर हवा का मन बेहतर होगा और अनहोनी की आशंका भी नहीं रहेगी। एक दिन पहले भी यहां पर कार्रवाई की गई लेकिन यह दिखावे की रहीं।





### ऑक्सीजोन पर किए गए अतिक्रमण से अधिकारी बेखबर

कोरबा शहरी क्षेत्र में आए दिन यहां वहां अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और नगर निगम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इन सबके बावजूद साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा ईस्ट की जमीन पर तैयार किए गए ऑक्सिजोन में लगातार हो रहे अतिक्रमण के मामले में अधिकारी या तो कुछ करने की मानसिकता में नहीं है या फिर उनके भीतर इच्छाशक्ति की कमी है। इस क्षेत्र के पार्षद शैलेंद्र सिंह ने कई मौके पर इस बारे में शिकायत भी की। याद रहे पिछले वर्षों में मनमानी तरीके से यहां की जमीन को कुछ संगठनों को आवंटित करने का काम किया गया जिसे लेकर विवाद की स्थिति है। हर कोई अपने-अपने तरीके और प्रभाव से यहां पर जमीन हथियाने को लेकर लगा हुआ है। कहा जा रहा है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण इस मामले में किसी प्रकार के परिणाम सामने नहीं आ पा रहे हैं।

### छलक उठे आंसू प्रभावितों के

संयुक्त रूप से की गई इस कार्रवाई ने संबंधित लोगों को टेंशन में डाल दिया और उनके सामने सामाजिक आर्थिक परेशानियां भी खड़ी कर दी। सबसे खास बात यह है कि संबंधित ठेले कोई 6 महीने साल भर से नहीं बल्कि बहुत लंबे समय चल रहे थे। संचालकों ने दावा किया कि उन्होंने बकाया इसके लिए परमिशन प्राप्त की थी और इस आधार पर काम किया जा रहा था। पूरी चीज अधिकारियों के संज्ञान में थी। अब जाकर कार्रवाई का सवाल क्यों आया, यह हमारी समझ से पड़े हैं। अपनी आंखों के सामने जीविका का साधन उजड़ते देख कई लोगों की आंखें नम हो गई। उन्होंने यहां तक कहा कि हम भी कुछ ऐसा ही देखना चाहेंगे।

# मुड़ापार बायपास के निवासी असामाजिक तत्वों से परेशान

## देर रात करते हैं हंगामा, घरों में पथराव व तोड़फोड़

**कोरबा।** शहर के वार्ड क्रमांक 29 मुड़ापार बायपास के निवासी इन दिनों असामाजिक तत्वों से परेशान हैं। क्षेत्र में दीगर मोहल्ले पहुंचे असामाजिक तत्व शराब सेवन के बाद देर रात हंगामा करते हैं और अश्लील गालियां देने के बाद आसपास स्थित घरों में पथराव व तोड़फोड़ करने के साथ सरकारी संपत्ति (बिजली मीटर) को नुकसान पहुंचाते हैं।

यह सिलसिला काफी दिनों से चल रहा है, जिसकी शिकायत पीड़ित लोगों द्वारा कई बार मानिकपुर चौकी पुलिस में की जा चुकी है लेकिन यहां के रहवासियों के लिए सरदर्द बने इन असामाजिक तत्वों पर पुलिस कार्यवाही करने के बजाय शिकायतकर्ताओं को ही वापस चलता कर देते हैं, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और उनकी गतिविधियां दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, जो एक दिन पुलिस के लिए भी सिरदर्द बन सकती है। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि बायपास रोड पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा प्रतिदिन दिन ढलने के बाद होता है जहां वे एक स्थान पर बैठकर छक कर शराब का सेवन करते हैं और उसका शुरूर चढ़ते ही हंगामा करने के बाद गाली-गलौज शुरू कर देते हैं।

इतना ही नहीं आसपास के घरों में पथराव करने के साथ ही घरों के बाहर लगे बिजली के मीटर, कैमरे व अन्य सामानों को तोड़फोड़ कर काफी नुकसान पहुंचाते हैं। विरोध करने पर मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। लंबे समय से चल रहे असामाजिक तत्वों की इन हरकतों ने क्षेत्रवासियों का जीना हराम कर दिया है। ऐसा नहीं है कि पीड़ित लोगों द्वारा घटनाओं की शिकायत नहीं की जाती, पीड़ित लोगों द्वारा कई बार शिकायत मानिकपुर चौकी में की गई लेकिन पुलिस द्वारा क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के बजाय 151 या अन्य साधारण धारा लगाने के बाद असामाजिक तत्वों को खुला छोड़ देते हैं जिससे उनके हौसले और भी बुलंद होते जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों की मांग है कि पुलिस बायपास मार्ग पर रात्रि 10 बजे के बाद गश्त करें और बेलगाम हो चुके असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाएं जिससे क्षेत्रवासी चैन से रह सके। खबरों के अनुसार बीती रात भी बायपास रोड स्थित निषाद च्वाइस सेंटर व आसपास घरों में तोड़फोड़ व पथराव हुआ, जहां च्वाइस सेंटर में निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे तथा बिजली मीटर को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है जिसकी शिकायत उसके संचालक द्वारा आज मानिकपुर पुलिस चौकी में करते हुए इसकी जांच कराए जाने तथा दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है। अब देखना यह है कि मानिकपुर पुलिस चौकी मामले में कोई कार्यवाही करती है अथवा पूर्व की भांति इसे भी ठंडे बस्ते में डालकर अपराधियों को खुला छोड़ देती है।



## सुजीत को मिला जिला उपाध्यक्ष का दायित्व



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया के अनुमोदन एवं भाजपा कोरबा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसमें कोयलांचल दीपका क्षेत्र के युवा नेता, पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुजीत सिंह को यह दायित्व मंडल अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं सक्रियता को देखते हुए सौंपा गया है। सुजीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

# महिला सशक्तिकरण आज की जरूरत : डॉ. पवन

## गढ़कलेवा की महिलाओं का हुआ सम्मान





**कोरबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने जोर देकर कहा है कि दुनिया की आधी आबादी का मतलब ही है कि महिलाओं की उपस्थिति और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सामान्य से लेकर तकनीकी और अन्य क्षेत्र में महिलाएं अपनी भूमिका निभा रही है इसलिए उनकी भूमिका का सम्मान होना चाहिए।

कटघोरा के गढ़कलेवा परिसर में विश्व महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. पवन ने यह बात कही। यहां पर गढ़कलेवा संचालन से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह दिए गए। गढ़कलेवा के माध्यम से सरकारी कर्मियों सहित जन सामान्य की खाद्यान्न जरूरतें पूरी हो रही है। प्रशासन की ओर से बीते वर्ष इस आयाम को शुरू कराया गया और महिलाओं की समूह को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में कोशिश की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हर कालखंड में महिलाओं ने अपनी बेहतर भूमिका का निर्वहन करने के साथ एक सार्थक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार कई योजनाएं चला रही है। कुल मिलाकर इनके पीछे उद्देश्य यही है कि महिलाओं की जिंदगी को अच्छा किया जाए और उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी दी जाए। कार्यक्रम को नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने संबोधित किया और महिलाओं को विश्व महिला दिवस की बधाई दी। श्रेया संगठन की अध्यक्ष ने इस बात के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अधिकारियों का आभार जताया कि उन्होंने हमारी जरूरतों को समझा और इसे पूरा करने पर ध्यान दिया। यही कारण है कि हम गढ़कलेवा के माध्यम से प्रतिदिन लोगों को भोजन और जलपान की सेवा मुहैया करा पा रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले गणमान्यजन और मीडिया कर्मी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## केराकछार पहुंचा हाथियों का दल

**कोरबा।** वन परिक्षेत्र कोरबा के कोरकोमा सर्किल अंतर्गत दरगा जंगल में विचरणरत 9 हाथियों का दल बीती रात आगे बढ़कर पसरखेत रेंज पहुंच गया। हाथियों के इस दल को यहां केराकछार जंगल में देखा गया और इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। केराकछार एवं आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों के क्षेत्र में आने और विचरण करने की जानकारी देते हुए उनसे कहा जा रहा है कि हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल से दूरी बनाएं रखें। महुआ संग्रहण के लिए जंगल की ओर न जाएं। उधर कटघोरा के जटगा रेंज में 49 हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं।

## जनजातीय समाज की मांग, धर्मांतरण करने वालों का खत्म करें आरक्षण




**कोरबा।** डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के लोगों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण लाभ केवल उन लोगों को मिलना चाहिए जो अपनी पारंपरिक आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं का पालन करते हैं। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली में आंदोलन की तैयारी है।

जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा जिला के बाद अब ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित कि जाएगी और अधिक से अधिक समाज के लोगो को जागरूक कर जोड़ा जायेगा लोगो के सामने बाते रखी जाएंगी कि किस तरह समाज के लोगो द्वारा अपनी संस्कृति छोड़कर धर्म परिवर्तन करके आरक्षण का लाभ लिया जा रहा, उन्हें अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाना चाहिए। इसी मांग को डी-लिस्टिंग कहा जा रहा है। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र सह संगठन मंत्री श्री बीरबल सिंह, जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांतीय सहसंयोजक इंदर भगत, जिला संयोजक पुष्पराज सिंह ठाकुर, वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा के जिलाध्यक्ष रघुराज सिंह उइके और एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुल सिंह कंवर, आदिवासी नेता वीरेंद्र मरकाम सहित कई जनजातीय समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आईजी मिलना कुर्रे ने बालको में 56 महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टाउनहॉल का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मिलना कुर्रे, उप महानिरीक्षक पुलिस (आईजी), छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में कंपनी की 56 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी मिलिना कुर्रे ने बालको की महिला कर्मचारियों तथा बालको में समावेशी कार्यस्थल की सराहना की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'अनस्टॉपेबल' पत्रिका के दूसरे संस्करण का लोकार्पण रहा। इस पत्रिका में बालको परिवार की 12 प्रेरणादायी महिलाओं की कहानियाँ शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि कैसे इन महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने काम में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की और लगातार आगे बढ़ती रहीं हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ में समाज को आगे बढ़ा रही हैं। कंपनी ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जिससे सभी को समानता के साथ आगे बढ़ने के मौके मिल रहा हैं। हमारे संयंत्र के संचालन में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाते हुए नवाचार को आगे बढ़ा रही हैं। उनकी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता हमें विश्व-स्तरीय एल्यूमिनियम निर्माण के साथ-साथ आसपास के समुदाय को सशक्त बनाने में मदद करती है। जैसे-जैसे हम अपनी 1 एमटीपीए क्षमता के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, महिलाओं का नेतृत्व एक अधिक समावेशी बालको और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्य अतिथि श्रीमती मिलना कुर्रे ने कहा कि समय के साथ हमने यह साबित किया है कि कोई भी कार्य महिलाओं की क्षमता से बाहर नहीं है। चाहे बीएसएफ और सेना में सेवा देना हो या सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में महत्वपूर्ण पद संभालना, महिलाएँ हर क्षेत्र में शक्ति और उद्देश्य के साथ नेतृत्व कर रही हैं। उनका विकास हमारे देश की निरंतर प्रगति का प्रतीक है और इस परिवर्तन को देखना गर्व की बात है। कोई भी समाज या संस्थान तभी वास्तविक रूप से समृद्ध होता है जब वह महिलाओं का सम्मान करता है। साथ ही यह सम्मान सदैव बना रहना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यस्थल में जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें भावनात्मक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक विशेष सत्र शामिल था। इसके साथ ही बालको मेडिकल सेंटर के सहयोग से स्तन कैंसर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रारंभिक जांच के महत्व, रोकथाम, नियमित स्क्रीनिंग, चेतावनी संकेतों की पहचान और इससे जुड़े भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

सांस्कृतिक संध्या में ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियाँ और रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य, प्रस्तुतियाँ और नारी शक्ति को समर्पित गीतों की प्रस्तुति शामिल रही। साथ ही पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'गीव टू गेन' थीम पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी में कर्मचारियों, उनके परिवारों और समुदाय के सदस्यों की रचनात्मक कला भी प्रदर्शित की गई।

बालको निरंतर कौशल विकास कार्यक्रमों और महिलाओं के लिए अनुकूल सुविधाओं के माध्यम से एक समावेशी कार्यस्थल बना रहा है। इसमें चाइल्ड केयर के महत्व को ध्यान में रखते हुए महिला कर्मचारियों के लिए 'क्रेच' की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही महिलाओं को छह महीने का वैतनिक 'मातृत्व अवकाश' और अवकाश के उपरांत माताओं को बच्चे के छह वर्ष के होने तक 80 मिनट का नर्सिंग ब्रेक प्रदान किया जाता है। महिला कर्मचारियों के लिए 'वन डे वर्क फ्रॉम होम पॉलिसी' है जिसमें एक दिन घर से कार्य करने का अवसर मिलता है। इसके साथ कंपनी का लक्ष्य 2030 तक महिला कर्मचारियों की संख्या 30 प्रतिशत करना है।

**फाल्गुन उत्सव का आयोजन कर रहा श्याम परिवार**

## बंटू और कृष्ण के भक्ति गीतों की प्रस्तुति दीपका में




**कोरबा।** फाल्गुन माह के पावन अवसर पर दीपका नगर में 15 मार्च 2026 को शाम 7:30 बजे से '20 फाल्गुन के रंग श्याम के संग' भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में दिल्ली के भजन गायक बंटू भैया और कृष्ण अग्रवाल अपनी भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद दीपका सांस्कृतिक भवन बस स्टेंड में किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भजन संध्या में भगवान श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय होगा। आयोजक समिति 'करने वाले श्याम, बुलाने वाले श्याम' के तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। श्याम परिवार, दीपका ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का लाभ लेने की अपील की है।

# पं. धीरेंद्र शास्त्री के सानिध्य में 108 दिव्यांग व निर्धन कन्याएं बंधेंगी परिणय सूत्र में



**कोरबा।** माँ सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा में 2024 में नमः सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के बाद इस वर्ष नमः सामूहिक विवाह को बड़ा विस्तार दिया जा रहा है। 01 अप्रैल 2026 को ढपढप (बांकीमोंगरा) में विश्व विख्यात कथा वाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सानिध्य में एवं अपना आश्रम सेवा समिति के आयोजकत्व में यह सम्पन्न होगा। 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह होगा और वे नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश करेंगी।

नमः सामूहिक विवाह के प्रभारी, माँ सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक/व्यवस्थापक नन्हा पांडेय ने बताया कि अब तक 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं का पंजीयन हो चुका है। यह हमारा सौभाग्य है कि ईश्वरीय कृपा से यह पुण्यकर्म इस बार ग्राम ढपढप (बांकीमोंगरा) में सम्पन्न होगा और नवदम्पत्तियों को शुभ आशीर्वाद देने के लिए विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक एवं सनातन धर्म के प्रचारक पंडित धीरेंद्र शास्त्री (बागेश्वर धाम) सहित कई लब्ध प्रतिष्ठित एवं विद्वान आचार्यों के साथ प्रदेश के कई राजनीतिक प्रतिभाएं अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

अपना आश्रम सेवा समिति द्वारा ग्राम ढपढप में 27 मार्च से 01 अप्रैल तक श्री हनुमंत कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अपना सानिध्य प्रदान करने बागेश्वर धाम से पंडित धीरेंद्र शास्त्री पधार रहे हैं। 06 दिवसीय इस दिव्य आयोजन के अंतिम दिन 01 अप्रैल को नमः सामूहिक विवाह का आयोजन होगा, जिसमें 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याएं अपने मन पसंद जीवन साथियों के साथ नव दाम्पत्य जीवन प्रारंभ करेंगी। यह हमारा सौभाग्य है कि इस बार नमः सामूहिक विवाह का विस्तार हो रहा है और 108 कन्याओं का सामूहिक विवाह हो रहा है। पंजीयन अभी जारी है और कन्याओं की संख्या बढ़ सकती है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com